रोहतक
सोमवार, 15 अप्रैल 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 28, अंक : 78
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


मौसम
अधि. 34.0
न्यून. 20.7

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



05 अंजू और हर्षिता को रजत पदक मिला, सरिता मोर खाली हाथ लौटी

**भाजपा ने जारी किया घोषणा पत्र : नाम दिया 'भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी'**

# 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज, मुद्रा लोन 20 लाख करने और गरीबों के लिए 3 करोड़ घर का वादा

**यूसीसी देशभर में लागू होगा, सीएए के तहत मिलेगी लोगों को नागरिकता, पेपर लीक नियंत्रण को कानून**
**मोदी बोले-घोषणा पत्र युवा, महिला, किसान और गरीबों को सशक्त बनाएगा, देश का विकास होगा**

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली स्थित पार्टी दफ्तर में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी किया। इसे 'भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी' नाम दिया गया है। इस मौके पर मोदी के साथ मंच पर जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह और निर्मला सीतारमण मौजूद रहे। संकल्प पत्र की पहली कॉपी गुजरात, हरियाणा और छत्तीसगढ़ से आए तीन लोगों को दी गई। ये वो लोग थें, जिन्हें मोदी सरकार की पिछली किसी न किसी योजना का फायदा मिला। पार्टी ने पिछले 10 साल के वादों और उन्हें पूरा करने पर बना एक वीडियो भी जारी किया। 2024 की गारंटी यानी वादे गिनाए। इसमें 70 साल की उम्र से ऊपर के किसी भी वर्ग के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए 3 करोड़ घर, गरीबों को मुफ्त राशन 2029 तक देने की गारंटी दी है। मोदी ने कहा- 4 जून को नतीजे आने के तुरंत बाद बीजेपी के 'संकल्प पत्र' पर काम शुरू हो जाएगा। सरकार ने 100 दिन की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। देश की जनता की महत्वाकांक्षा ही मोदी का मिशन है।



नई दिल्ली। भाजपा मुख्यालय में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए घोषणा पत्र (भाजपा का संकल्प, मोदी की गारंटी) जारी करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण। फोटो : एजेंसी

## हर बिंदू को जमीन पर उतारेंगे

मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए जारी किया गया भाजपा का घोषणापत्र युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को सशक्त करने के अलावा सम्मानजनक व गुणवत्तापूर्ण जीवन और निवेश से नौकरी पर केंद्रित है। इसके हर बिंदू को हर हाल में पूरा किया जाएगा। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ-युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसानों को सशक्त बनाएगा।

## अगले पांच साल तक गरीबों को फ्री राशन

- 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। चाहे वो गरीब, मध्यम या उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा देंगे।
- यह मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना अगले पांच साल तक जारी रहेगी। 'हम ये सुनिश्चित करेंगे कि गरीब के भोजन की थाली पोषणयुक्त और किफायती हो।

## मुख्य बातें

- निवेश से नौकरी पर जोर।
- वन नेशन, वन इलेक्शन लागू करेंगे।
- फसलों की एमएसपी में वृद्धि व किसान सम्मान निधि जारी रहेगी।
- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना-हर माह फ्री बिजली।
- तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे।
- वुमन सेल्फ हेल्प ग्रुप सर्विस सेक्टर से जोड़ेंगे-इनकम बढ़ाने के मौके मिलेंगे।
- स्टार्टअप्स को-मेंटरशिप।
- मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में रोजगार के अधिक अवसर।
- भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना।

*(भाजपा के घोषणपत्र को विस्तृत रूप से पढ़ें पेज 7 पर )*

## कांग्रेस ने किया है 5 न्याय 25 गारंटी का वादा

कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में पांच न्याय- हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय के साथ जाति जनगणना कराने, गरीब महिलाओं को प्रति वर्ष एक लाख रुपये नकद देने, महिला सशक्तिकरण और आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने, 30 लाख सरकारी नौकरी देने, कृषि कर्ज माफी के लिए उपाय, एमएसपी को कानूनी दर्जा, जीएसटी मुक्त खेती, एक वर्ष के भीतर एससी/एसटी के बैकलॉग भरने, संविदा कर्मियों को नियमित करने, शिक्षा नीति में संशोधन, योजना आयोग की बहाली, बुल्डोजर न्याय को खत्म करने, संविधान की रक्षा व लोकतंत्र बचाने जैसे बड़े वादे किए हैं।

## भाजपा के घोषणा पत्र से महंगाई, बेरोजगारी गायब

भाजपा के घोषणा पत्र पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने निशाना साधते हुए कहा कि



इनके संकल्प पत्र में दो शब्द गायब हैं, महंगाई और बेरोजगारी। भाजपा लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर अब चर्चा तक नहीं करना चाहती। युवा इस बार मोदी के झांसे में आने वाले नहीं हैं। वे कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में रोजगार क्रांति लाएंगे। पीएम मोदी ने 10 साल में महंगाई और रोजगारी बढ़ाई है। युवा नौकरी के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं, खाने-पीने की चीजों के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। आमजन को कहीं भी राहत नहीं है। भाजपा विफल सरकार रही है। देश के लिए कुछ नहीं किया।

## खबर संक्षेप

### इस बार अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होगी

**जम्मू।** अमरनाथ मंदिर की वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून से शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त हो जाएगी। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने रविवार को यह घोषणा की। बोर्ड ने कहा कि 52 दिनों तक चलने वाली यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। यात्रा दो मार्गों से होती है। पहला अनंतनाग जिले में, जबकि दूसरा गांदेरबल जिले में 14 किमी लंबा बालटाल मार्ग। भाषा

### 15 से 18 अप्रैल तक के सभी वीआईपी पास रद

**अयोध्या।** रामलला के दरबार में 15 से 18 अप्रैल तक वीआईपी दर्शन पर रोक रहेगी। ट्रस्ट ने गाइडलाइन जारी करते हुए बताया है कि सोमवार से चार दिनों तक वीआईपी दर्शन की कोई व्यवस्था नहीं रहेगी। जिन लोगों ने 15 से 18 अप्रैल के बीच के वीआईपी पास बनवाए हैं, उनके पास भी निरस्त माने जाएंगे। चैत्र शुक्ल सप्तमी यानी सोमवार से अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की संभावना है। एजेंसी

### सीयूईटी पीजी- 2024 का रिजल्ट जारी

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सीयूईटी पीजी -2024 का रिजल्ट जारी कर दिया है। कैंडिडेट्स ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट चेक कर सकते हैं। इस एग्जाम के स्कोर के बेसिस पर 39 सेंट्रल यूनिवर्सिटीज, 39 स्टेट यूनिवर्सिटीज, 15 सरकारी इंस्टीट्यूशन और 97 प्राइवेट और डीम्ड यूनिवर्सिटीज में एडमिशन ले सकते हैं। एजेंसी

### पानी भरने के झगड़े में पड़ोसी महिला की हत्या

**नई दिल्ली।** फर्श बाजार इलाके में महिला की चाकू से हमला कर हत्या के मामले में पुलिस ने किशोरी को आरोपी बनाया है। इससे पहले किशोरी के माता पिता को हिरासत में लेकर लंबी पूछताछ की गई थी। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि यह वारदात एक कॉमन नल से पानी भरने के दौरान हुए विवाद का नतीजा थी। मृत महिला ने लड़की का हाथ मरोड़ दिया था। एजेंसी

### महाराष्ट्र में फूड पॉइजनिंग से एक की मौत, 75 भर्ती

**चंद्रपुर।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के माजरी कोलियरी में फूड पॉइजनिंग से गुरुफेम यादव नाम के व्यक्ति की मौत हो गई। 75 लोगों का अलग-अलग अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी के मुताबिक, 13 अप्रैल की शाम करीब 400 लोगों ने इलाके में मौजूद मंदिर से मिला प्रसाद खाया था। इसके बाद लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी। भाषा

**महेंद्रगढ़ में दरिंदगी**

## दो युवकों ने आठ वर्षीय बच्ची से किया दुष्कर्म

**महेंद्रगढ़(हरिभूमि न्यूज)।** पड़ोस में रहने वाले दो युवकों ने मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बताया जा रहा है कि दोनों 8 वर्षीय बच्ची को बहला फुसलाकर ले गए। बच्ची की चीख पुकार सुनने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो मामले का पता हुआ। परिजन लड़की को नागरिक अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। नागरिक अस्पताल की डॉ. शाहीन ने बताया कि मेडिकल जांच में भी रेप की संभावना मिली है।

**चीख-पुकार सुनने के बाद पहुंचे परिजन**
पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज

### दादी ने दर्ज कराई शिकायत

बच्ची की दादी ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने दो नामजद लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिटी थाना प्रभारी उदयभान ने बताया कि परिजनों ने हमें घटनाक्रम की जानकारी दी है।

### यह है मामला

दादी ने शिकायत में बताया कि वह शहर के एक मोहल्ले में रहती है। उसकी 8 वर्षीय पोती शनिवार देर शाम को सात बजे खेल रही थी। किराए के मकान में बिहार के कबीरपुर निवासी कुंदन व सुगापुर निवासी भूपेंद्र शर्मा गांव में माधुराम की हवेली में रहते हैं। इन दोनों ने उसकी पोती को बहला-फुसलाकर अपने कमरे में बुलाया और गलत काम किया। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसन ने कमरे में जाकर देखा तो लड़की खून से लथपथ थी। दोनों आरोपित मौके से फरार हो गए। बच्ची की नाजुक हालात को देखते हुए उन्होंने डायल-112 को सूचना दी।

**आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई हो:** सूचना के बाद एबुलेंस मौके पर पहुंची व बच्ची को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। दादी ने पुलिस से आरोपितों को पकड़ने व कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने धारा-363, 366ए व पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बढ़ा तनाव**
इजराइल और यूएस ने 99% मिसाइलें हवा में ही मार गिराईं

# ईरान का इजराइल पर हमला, 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागीं


**ईरान की धमकी : पलटवार किया तो बड़ा हमला करेंगे, हमने बदला ले लिया ▶▶ इजराइल बोला-मुंहतोड़ जवाब देंगे**

**तेल अवीव/नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान की सेना ने शनिवार देर रात 3 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) इजराइल पर करीब 300 ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इजराइली सेना ने यह जानकारी दी। हालांकि इजराइल ने ईरान के एक अप्रत्याशित हमले को रोकने में अपनी सफल हवाई रक्षा कार्रवाई पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि उसने और उसके सहयोगियों ने मिलकर देश की ओर दागी गई 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों में से 99 प्रतिशत को नष्ट कर दिया है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, इजराइल के नेवातिम एयरफोर्स बेस को कुछ नुकसान पहुंचा है। हमले की वजह से मची भगदड़ में 12 लोग घायल हो गए। ईरान ने ड्रोन हमला किया है। कुछ ड्रोन्स को सीरिया और जॉर्डन में भी मार गिराया गया है। ईरान ने इस हमले को 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस' नाम दिया। दरअसल, 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी। हालांकि इस बात की आशंका है कि इजराइल जवाबी हमला करेगा, जिससे क्षेत्र में तनाव बना हुआ है।

### ईरान के तेवर तल्ख

- यूएन में ईरान के एम्बेसडर आमिर सईद ने कहा, ईरान को अपनी रक्षा का पूरा हक है।
- अब अगर इजराइल ने जवाबी हमला किया तो हम इसका और मजबूती से जवाब देंगे।
- अमेरिका से कहा अगर उन्होंने काउंटर अटैक में इजराइल का साथ दिया तो अगला हमला अमेरिकी बेस पर होगा।
- ईरानी सेना के कमांडर मोहम्मद बघेरी ने कहा, अगर हम पर हमला हुआ तो बड़ा हमला करेंगे।
- ईरान का कहना है कि उसने यह हमला 1 अप्रैल को सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायली हमले के जवाब में किया था, अब मामले को खत्म माना जा सकता है।
- ईरान ने हमले का जश्न मनाया। इस पर इजराइल के पीएम नेतन्याहू ने कहा कि हमने रोका, हमने खदेड़ा, साथ मिलकर जीतेंगे, ईरान के जश्न को मातम में बदल देंगे।

**भारत ने इजराइल जाने वाली उड़ानें रद की, अपने लोगों के लिए जारी की एडवाइजरी, सभी दूतावास के संपर्क में रहें**



### जो जरूरी होगा वह करेंगे : डैनियल

इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगारी ने कहा कि 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइल दागी गईं, जिनमें से 99 प्रतिशत को हवा में ही नष्ट कर दिया गया। 'यह सफलता है।' उन्होंने कहा इजराइल की रक्षा के लिए जो भी आवश्यक है, सेना वह करेगी।

### बाइडन ने बुलाई जी-7 की बैठक

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि वह रविवार को जी-7 की एक बैठक बुलाएंगे ताकि 'ईरान के हमले के लिए समन्वित कूटनीतिक जवाबी कार्रवाई तैयार की जा सके।' *(पेज-8 भी देखें)*

### ईरान, इराक व यमन ने हमला किया : इजराइल

इजराइल का कहना है कि ईरान, इराक और यमन से उस पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें लॉन्च की। उनमें से ज्यादातर को रोक दिया गया है। इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-गेविर ने ईरान को बड़े हमले के जरिए जवाब देने की मांग की है।

### इजराइल ने हमले के 7 घंटे बाद अपना एयरस्पेस खोला

- ईरान के हमलों के करीब 7 घंटे बाद इजराइल ने अपना एयरस्पेस फिर खोल दिया। इजराइल की एयरफोर्स अथॉरिटी ने इसकी जानकारी दी।

### भारत अलर्ट

- इजराइल और ईरान में बढ़ते तनाव के बीच भारत भी अपने नागरिकों को लेकर सतर्कता बरत रहा है।
- एयर इंडिया ने रविवार को तेल अवीव के लिए उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित करने का फैसला किया।
- इजराइल में मौजूद भारतीय एंबेसी ने एडवाइजरी जारी की है। सभी भारतीय नागरिकों को शांति बनाए रखने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा गया है।

### ब्रिटेन ने भेजे फाइटर जेट

- इस्राइल-ईरान युद्ध के खतरे को देखते हुए ब्रिटेन ने कई इटर जेट और टैंकरों को क्षेत्र में भेजा है।

**लाहौर में मारी गई गोली**

## पाक में सरबजीत के हत्यारे ताम्बा की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली(भाषा)।** पाकिस्तान की जेल में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या के आरोपित एवं आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी आमिर सरफराज ताम्बा की रविवार को लाहौर में गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों ने बताया कि ताम्बा पर हमलावरों ने लाहौर के इस्लामपुरा इलाके में हमला किया और उसे नाजुक हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। कड़ी सुरक्षा वाली कोट लखपत जेल के अंदर, ताम्बा सहित अन्य कैदियों द्वारा किए गए बर्बर हमले के कुछ दिनों बाद सरबजीत की दो मई 2013 की सुबह लाहौर के जिन्ना अस्पताल में मृत्यु हो गई थी।

**आईएसआई के इशारे पर की थी सरबजीत की हत्या, गलती से सीमा पार पहुंच गए थे**

## अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग

**मुंबई(एजेंसी)।** सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने रविवार सुबह 5 बजे फायरिंग की गई। दो बाइक से आए हमलावरों ने 4 राउंड फायर किए। घटना के बाद महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने सलमान की सिक्योरिटी बढ़ाने के आदेश दिए हैं। हमलावर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। घटना की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप ने ली है।



हमलावर सीसीटीवी में कैद

## झज्जर की निशानेबाज पलक को ओलंपिक कोटा

**नई दिल्ली (भाषा)।** झज्जर की पलक गुलिया ने रियो डि जनेरियो में आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप (राइफल और पिस्टल)' में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर निशानेबाजी में 20वां कोटा हासिल किया। झज्जर की 18 वर्षीय निशानेबाज ने हांगझोउ एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत स्वर्ण व टीम रजत जीता था।



**राजस्थान के सीकर में भीषण सड़क हादसा**

## ट्रक में घुसी कार, दंपती व उनकी दो बेटियों समेत 7 लोग जिंदा जले

**जयपुर (भाषा)।** राजस्थान के सीकर जिले में रविवार को चूरू-सालासर स्टेट हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार ट्रक के नीचे घुस गई। हादसे के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई। आग से कार सवार दंपति और उनकी दो बेटियों समेत 7 लोग जिंदा जल गए। सातों लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। कार सवार परिवार सालासर बालाजी के दर्शन कर लौट रहा था। हादसा सीकर के फतेहपुर में रविवार दोपहर 2:30 बजे हुआ। कार में गैस किट लगा हुआ था और ट्रक में मेडिकल कॉटन(रूई) भरी हुई थी। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में तीन महिलाएं, दो बच्चे और पुरुष शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि कार चालक ने ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की, लेकिन उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बचने के चक्कर में वाहन ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराया। ट्रक से टक्कर के बाद कार में आग लग गई और सभी सात लोगों की झुलसकर मौत हो गई।



**दु:खद**
सालासर बालाजी के दर्शन कर लौट रहा था परिवार, तेज रफ्तार थी कार, ट्रक से टकराते ही आग लगी

कार सवार परिवार मेरठ का रहने वाला था, कार में मिले मोबाइल से हुई मृतकों की पहचान

**कार में लगी थी गैस किट** कार में एलपीजी (गैस) किट लगी थी। कार सवार सभी लोग उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के रहने वाले थे और सालासर बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर वापस लौट रहे थे। पुलिस उपाधीक्षक (फतेहपुर सर्किल) रामप्रताप बिश्नोई ने बताया कि आर्शीवाद पुलिया के पास एक कार की ट्रक से टक्कर हो गई, जिससे उसमें आग लग गई।

### नहीं खुल पाए कार के दरवाजे

आग लगने से कार के दरवाजे नहीं खुल पाए। इसके कारण सातों का कार में ही दम घुट गया और जल गए। मृतकों की पहचान नीलम गोयल (55), उनके बेटे आशुतोष गोयल (35), मंजू बिंदल (58), उनके बेटे हार्दिक बिंदल (37), हार्दिक की पत्नी स्वाति बिंदल (32), उनकी बेटी दीक्षा (सात वर्ष) और उसकी दो वर्षीय बहन के रूप में हुई है।

### आधे घंटे में आग पर काबू पाया

पुलिस के अनुसार हादसे की सूचना मिलने के बाद फतेहपुर, रामगढ़ और लक्ष्मणगढ़ से दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब आधे घंटे में कार और ट्रक में लगी आग पर काबू पाया गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए राजकीय धानुका उप-जिला अस्पताल के शवगृह में भेज दिया गया है।

### यह बोले चश्मदीद

हादसे के चश्मदीद रामनिवास सैनी ने बताया कि वह गाड़ी की सर्विसिंग कराने जा रहे थे कि तभी हादसा हुआ। कार चालक वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था और ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गया। उन्होंने अपना वाहन सड़क किनारे खड़ा किया और देखा कि कार में दो यात्री मदद मांग रहे थे, लेकिन आग लगने के कारण वह मदद नहीं कर सके।

**दिल्ली हाईकोर्ट की टिप्पणी** कोर्ट ने किराएदार को बेदखल करने का आदेश बरकरार रखा

**मकान मालिक ने व्यवसाय चलाने के लिए किराएदार को बेदखल करने का अनुरोध किया था**

## किसी को बुढ़ापे या खराब स्वास्थ्य के कारण आजीविका के हक से वंचित नहीं कर सकते

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी व्यक्ति को केवल बुढ़ापे और खराब स्वास्थ्य के आधार पर आजीविका और सम्मान के साथ जीने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही अदालत ने एक संपत्ति में रह रहे किरायेदार को बेदखल करने का आदेश बरकरार रखा। मकान मालिक ने अपना व्यवसाय चलाने के लिए किरायेदार को बेदखल करने का अनुरोध किया था। हाईकोर्ट ने संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए किरायेदार की इस दलील को खारिज कर दिया कि मकान मालिक की वृद्धावस्था और स्वास्थ्य को देखते हुए, यह विश्वास करने योग्य नहीं है कि वह उस परिसर से कोई व्यवसाय करेगा, जिसे खाली करने की मांग की गई थी।

### किराएदार की याचिका खारिज

अदालत ने अतिरिक्त किराया नियंत्रक (एआरसी) के उस आदेश को चुनौती देने वाली किराएदार की याचिका खारिज कर दी, जिसमें बेदखली का आदेश पारित किया था। न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया ने एआरसी के आदेश को बरकरार रखते हुए फैसला दिया, 'मकान मालिक द्वारा निर्धारित आवश्यकता की प्रामाणिकता को ऐसे संदेह के अनुमानित तर्कों से खारिज नहीं किया जा सकता। केवल इसलिए कि मकान मालिक बुजुर्ग है और उसका स्वास्थ्य खराब है, यह नहीं माना जा सकता कि उसे अपना व्यवसाय चलाने के लिए किराये के कब्जे वाले परिसर की आवश्यकता नहीं है या आजीविका कमाने में सक्षम नहीं है।'



### यह कहा अदालत ने

अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे यह पता चले कि मकान मालिक बिस्तर पर था या स्वतंत्र व्यवसाय में लगा उसका बेटा उसकी आर्थिक देखभाल कर रहा था। पीठ ने कहा, ''केवल बुजुर्गावस्था और खराब स्वास्थ्य के कारण, किसी व्यक्ति को आजीविका के अधिकार और उसके परिणामस्वरूप सम्मान के साथ जीने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है।' पहाड़गंज इलाके में एक दुकान का मालिक होने का दावा करने वाले मकान मालिक ने अधीनस्थ अदालत में याचिका दायर कर किरायेदार को इस आधार पर बेदखल करने की मांग की थी कि अब उसे अपना व्यवसाय चलाने के लिए परिसर की आवश्यकता है।




**गुरुग्राम**

# कार्यकर्ताओं से लगातार रही दूरी, मोदी का गुणगान राव की मजबूरी

## पांच साल तक कार्यकर्ताओं के लिए आसान नहीं रहा सांसद से मिलना, चुनाव के मौके पर ही साधारण कार्यकर्ताओं को मिलता है मौका

*चार दशक से भी ज्यादा समय तक दक्षिणी हरियाणा की राजनीति में एकछत्र राज करने वाले राव इंद्रजीत सिंह मतदाताओं को लुभाने के लिए मोदी सरकार की उपलब्धियों को बखान कर रहे।*

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

गुरुग्राम लोकसभा सीट पर लगातार चौथी बार चुनाव लड़ रहे राव इंद्रजीत सिंह इस समय मतदाताओं के बीच



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों का बखान करते हुए उनके नाम पर ही वोट ही अपील करते नजर आ रहे हैं। चुनाव जीतने के बाद आम कार्यकर्ता से उनकी लगातार दूरी को भाजपा में उनके विरोधी खेमे ने भी प्रचारित करना शुरू कर दिया है। कांग्रेस का प्रत्याशी फाइनल होने के बाद यह मुद्दा लोकसभा क्षेत्र में विरोधी भी प्रमुखता से उठा सकते हैं। इस तरह के आरोपों से बचने के लिए राव इस बार पीएम मोदी के नाम पर ही वोट की फरियाद करते हुए नजर आ रहे हैं।

**पार्टी नेताओं से नहीं बैठ पा रही पटरी:** चार दशक से भी ज्यादा समय तक दक्षिणी हरियाणा की राजनीति में एकछत्र राज करने वाले राव इंद्रजीत सिंह को हार का कड़वा घूंट ज्यादा बार नहीं पीना पड़ा। वर्ष 1999 के लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी डा. सुधा यादव के हाथों हार के बाद से राव लगातार जीत का परचम लहराते रहे हैं। लगभग हर चुनाव में उन पर 'महलों की राजनीति' करने के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन मजबूत राजनीतिक आधार हर बार उनकी दमदार जीत का आधार बन जाता है। राव की भाजपा के पुराने नेताओं के साथ राजनीतिक पटरी अभी तक नहीं बैठ पाई है। ऐसे नेताओं का अंदरखाने विरोध भी उनका कुछ नहीं बिगाड़ सका है।

### कैप्टन भुना रहे मुद्दा





भाजपा के पुराने नेताओं के साथ राव की तल्खियां गत विधानसभा चुनावों में उस समय बढ़ गई थीं, जब उन्होंने टिकट वितरण के समय पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को भाजपा की टिकट से वंचित रख दिया था। खासकर रेवाड़ी हलके में सुनील मुसेपुर की टिकट फाइनल होने के बाद पार्टी में खुलकर आपसी घमासान हुआ था, जो अभी तक शांत नहीं हो पाया है। समर्थक भले ही इस बार राव की एकतरफा जीत मानते हुए हार के खतरों से बेखबर हों, परंतु हकीकत यह है कि यह है कि खुद राव को चुनाव मैदान में बड़े उलटफेर की आशंका सता रही है। पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव सहित दूसरे नेता भी राव पर क्षेत्र के लोगों से दूरी बनाए रखने के आरोप लगाते रहे हैं।

### विस चुनावों से पहले पुख्ता इंतजाम के प्रयास

राव विरोधी खेमे से जुड़े कई प्रभावशाली नेता यह दावा कर रहे हैं कि 'नमक का फर्ज' अदा करते हुए वह पार्टी प्रत्याशी की जीत के लिए पूरी ताकत लगाएंगे, परंतु पर्दे के पीछे की हकीकत उनके मंसूबों को समय अपने पर उजागर कर सकती है। राव के कारण पिछले विधानसभा चुनावों में टिकट से वंचित नेताओं में शायद ही कोई इस बार राव की जीत की कामना कर रहा हो। इन नेताओं को इस बात की आशंका है कि लोकसभा चुनावों में मिलने वाली जीत के बाद को राव को एक बार फिर विधानसभा चुनावों में टिकट के समय पार्टी फ्री हैंड दे सकती है, जिससे उनके लिए एक बार फिर टिकट का रास्ता मुश्किल बन सकता है।

### दिल्ली निवास से चलती है राजनीति की गाड़ी

राव इंद्रजीत सिंह के बारे में एक बार फिर यह चर्चाएं शुरू हो गई हैं कि उनकी राजनीति दिल्ली निवास में बैठकर चलती है। लगभग चार साल तक उनकी क्षेत्र के लोगों से दूरी बनी रहती है। चुनाव करीब आते ही आम कार्यकर्ताओं को उनके 'दीदार' का मौका मिलता है। साधारण कार्यकर्ता के लिए अपने सांसद से फोन तक पर बात करना संभव नहीं होता। यह सेवा भी सिर्फ खास समर्थकों के लिए उपलब्ध होती है। इन सभी बातों को जानते हुए राव लोकसभा क्षेत्र के लोगों से अपने लिए नहीं, बल्कि पीएम मोदी के पक्ष में मतदान की अपील करते नजर आ रहे हैं।

---

**सियासी हलचल**

### भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत का रोडमैप : बिप्लब देब

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने भाजपा के संकल्प पत्र को किसान, गरीब, युवा और महिला शक्ति को और सशक्त करने और आगे



बढ़ाने वाला बताया है। त्रिपुरा वेस्ट से चुनाव मैदान में उतरे हरियाणा भाजपा के प्रभारी बिप्लब देब ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी लिखा कि आने वाले 5 साल भी सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के होंगे, यही मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री मोदी ने युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसान और गरीब इन चार वर्गों से एक-एक व्यक्ति को संकल्प पत्र सौंप कर सभी का मान बढ़ाया है। भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत का रोडमैप है। हरियाणा प्रभारी देब ने कहा कि हर हरियाणावासियों के लिए खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प पत्र की पहली कॉपी हरियाणा के झज्जर जिला के सिलानी गांव के किसान रामवीर चाहर को भी सौंपी है।

### भाजपा ने समाज के हर वर्ग को खुशहाल किया : बराला

**हिसार।** भाजपा राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा है कि भाजपा का संकल्प हर वर्ग को ध्यान में रखकर जारी किया गया है। किसान, गरीब, महिला व युवा पर विशेष फोकस किया गया है ताकि इनको खुशहाल किया जा सके। सुभाष बराला भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वैसे तो भाजपा का संकल्प पत्र हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर जारी किया गया है लेकिन इन चार वर्गों पर विशेष फोक्स किया गया है। भाजपा के 10 वर्ष के शासनकाल में किसान खुशहाल हुआ है। सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा दिया है।

---

**सब कमेटी ने नामों पर किया मंथन, राष्ट्रीय अध्यक्ष करेंगे ऐलान**

# कांग्रेस में छह सीटों पर फंसा पेंच, नहीं बन पाई सहमति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को लेकर कांग्रेस पार्टी में सहमति नहीं बन पाई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सोनिया गांधी की द्वारा बनाई सब कमेटी ने रविवार को दिल्ली में मीटिंग कर मंथन किया। बैठक में भूपेंद्र हुड्डा गुट और एसआके गुट में 3 सीटों पर सहमति नहीं बन पाई। तीन सीटों पर अब भी विवाद बना हुआ है। सब कमेटी मीटिंग की रिपोर्ट बनाकर कांग्रेस अध्यक्ष को सौंपेंगी। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आगामी एक या दो दिन में सहमति बनने के आसार है, जिसके बाद प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष व सोनिया गांधी द्वारा बनाई गई सब कमेटी के अध्यक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान ख़ुर्शीद ने कहा कि लोकसभा टिकटों को लेकर फाइनल बात हुई है। अब रिपोर्ट कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पास जाएगी, इसके बाद ही टिकटों पर फैसला किया जाएगा। पार्टी के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि दो से तीन सीटों पर सहमति नहीं बन रही है। बाबरिया ने कहा कि सभी नौ सीटों पर बात बन चुकी है। आने वाले दो- तीन दिन में उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी। सब कमिटी के द्वारा जो निर्णय लिया जाएगा, उसे अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन के सामने रखा जाएगा। फाइनल सूची अध्यक्ष के ऑफिस से जारी की जाएगी। इससे पहले शुक्रवार को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई थी।

- सिरसा, अंबाला व रोहतक पर प्रत्याशी लगभग तय



### सिरसा, अंबाला और हिसार पर सैलजा का दावा

पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा का नाम लगभग सिरसा से तय माना जा रहा है, लेकिन वह अंबाला और हिसार लोकसभा सीट पर भी दावा ठोक रहीं हैं। सैलजा अंबाला और सिरसा से 2-2 बार सांसद रह चुकी हैं। इसके अलावा हिसार में भी उनका प्रभाव है। यही वजह है कि वह इन तीनों पर अपने अपने समर्थकों को टिकट दिलाने के लिए जुटी हुई हैं। उनके समर्थकों की सूची में साढोरा की एमएलए रेणु बाला, पूर्व विधायक राजपाल भूखड़ी के साथ कांग्रेस के एससी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित राज शामिल हैं।

### हुड्डा गुट इन सीटों पर कर रहा दावा

पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा लोकसभा की पांच सीटों गुरुग्राम, फरीदाबाद, रोहतक, सोनीपत और करनाल में अपने प्रत्याशी उतारने की तैयारी में हैं। हालांकि रोहतक से उनके बेटे दीपेंद्र हुड्डा का नाम फाइनल हो चुका है, लेकिन इसके अलावा वह सोनीपत, करनाल, गुरुग्राम और फरीदाबाद पर दांव खेलना चाह रहे हैं। बता दें कि रोहतक भूपेंद्र हुड्डा का गढ़ माना जाता है और सोनीपत से भूपेंद्र हुड्डा चुनाव लड़ चुके हैं। सोनीपत में 5 विधायक कांग्रेस के हैं जो हुड्डा गुट के माने जाते हैं। इसलिए वह इन सीटों पर अपनी पकड़ बनाए रखना चाहते हैं, जिसके चलते 6 सीटों पर पेंच फंसा हुआ है। वहीं हुड्डा के गुट के नेताओं का कहना है कि वह हर सीट पर जातीय समीकरण के अनुसार उम्मीदवारों में फेरबदल की तैयारी की हुई है।

इस बैठक बाबरिया के मुताबिक सभी 10 सीटों सिंगल नाम फाइनल कर लिए गए थे। इसके बाद केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई। खरगे और सोनिया गांधी के मौजूदगी में हुई इस बैठक में सिर्फ तीन सीटों पर एक राय बन पाई। हालांकि अभी हरियाणा में किसी भी सीट पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। अब बची 6 लोकसभा सीटों पर एक राय बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया था।

रोहतक, सिरसा और अंबाला सीट को छोड़कर सब कमेटी बाकी 6 सीटों पर एक राय बनाने का टास्क दिया गया था। कमेटी में सलमान खुर्शीद, मधुसूदन मिस्त्री, दीपक बाबरिया (हरियाणा कांग्रेस प्रभारी), भक्त चरण दास, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी सैलजा, रणदीप सुरजेवाला, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान को शामिल किया गया है। वहीं किरण चौधरी भिवानी महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से अपनी बेटी पूर्व सांसद एवं कार्यकारी अध्यक्ष श्रुति चौधरी के लिए टिकट मांग रही हैं। कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला भी उनकी इस मुहिम में उनके साथ हैं।

हालांकि हुड्डा गुट इसका विरोध कर रहा है। वहीं कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में रणदीप सुरजेवाला का प्रभाव हाईकमान पर है, ये सीट पहले ही गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष सुशील गुप्ता को दे दी गई है।

---

**करनाल**

### मुख्यमंत्री सैनी का कांग्रेस पर तंज, बोले- नहीं मिल रहे प्रत्याशी




**करनाल।** लोगों को अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

**करनाल।** लोकसभा चुनाव और करनाल विधानसभा उपचुनाव को लेकर सीएम नायब सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल एक साथ मिलकर रैलियां कर रहे हैं। रविवार को करनाल में अंबेडकर जयंती के मौके पर भारतीय जनता पार्टी ने विजय संकल्प रैली का आयोजन किया, जिसमें मुख्यमंत्री और पूर्व सीएम मनोहर लाल एक साथ पहुंचे। करनाल की पुरानी सब्जी में बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विजय संकल्प रैली को संबोधित करने से पहले बाबा साहब को मुख्यमंत्री ने याद किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह से कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार ने पिछले लगभग 10 सालों में अपने सभी वादे पूरे किए हैं। जबकि कांग्रेस ने अपने कई दशकों के शासनकाल में जनता की कभी सुध नहीं ली। कांग्रेस ने केवल गरीब को और गरीब किया। कांग्रेस ने न कभी किसानों की परवाह की और न ही युवाओं की। महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके सम्मान की कभी भी कांग्रेस ने चिंता नहीं की। हर वर्ग की उपेक्षा के कारण आज कांग्रेस की हालत ऐसी हो गई है कि कांग्रेस को प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। सुबह जिसे तैयार करते हैं, शाम को वह मना कर जाता है।नायब सैनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के साढ़े नौ साल के कार्यकाल के कार्यों के आगे कांग्रेस के 55 साल का कार्यकाल कहीं ठहरता ही नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने विकास करवाया।

---

### पूर्व मंत्री भागीराम का निधन, ऐलनाबाद से पांच बार विधायक चुने गए थे

**ऐलनाबाद।** पूर्व मंत्री एवं ऐलनाबाद के पांच बार विधायक रहे भागीराम का शनिवार रात को



देहांत हो गया। वे करीब 80 वर्ष के थे। वे कुछ समय से बीमार थे तथा शनिवार रात को मेदांता अस्पताल गुरुग्राम में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार रविवार शाम 3 बजे उनके पैतृक गांव मिठी सुरेरां में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व सांसद भरतराम मेघवाल, पूर्व सांसद व विधायक डॉ. सुशील इंदौरा, भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जगदीश चोपड़ा व अन्य उपस्थित थे। 1977 में पहली बार वे ऐलनाबाद सुरक्षित सीट से विधायक चुने गए। उन्होंने पांच बार ऐलनाबाद हल्के का प्रतिनिधित्व किया। चौ. देवीलाल की सरकार वे जनस्वास्थ्य मंत्री भी रहे। 1982 में जब भजनलाल चौ. देवीलाल की पार्टी के 40 से अधिक विधायकों को तोड़कर ले गए थे तब भागीराम उन नौ विधायकों में शामिल थे जो चौ. देवीलाल के साथ रहे थे।

# आचार संहिता हटते ही तबादले को लेकर आएगी नई नीति

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

सूबे की नायब सरकार पूर्व सीएम मनोहरलाल के कार्यकाल के दौरान लिए गए सिस्टम में सुधार के फैसलों को बदलने वाली नहीं है, बल्कि उनको आगे बढ़ाने की कवायद चल रही है। राज्य में आचार संहिता के दौरान थोड़ी राहत महसूस कर रहे मुख्यमंत्री ऑफिस के अफसरों द्वारा इस क्रम में तैयारी की जा रही है। रोज-रोज नेताओं, विधायकों से सिफारिश के नोट लिखवाकर घूमने वालों को पूरे साल धक्के नहीं खाने पड़े इस दिशा में कदम उठाने की तैयारी की जा रही है। सरकार द्वारा 40 से ज्यादा विभागों और 80 से ज्यादा संख्या वाले विभिन्न विभागों में तबादलों की व्यवस्था साल में एक बार करने और ऑनलाइन पारदर्शी सिस्टम अपनाने को लेकर एक बार फिर से होमवर्क किया जा रहा है।

सीएमओ के अफसरों द्वारा एक जैसी पारदर्शी व्यवस्था लागू करने को लेकर एनआईसी अफसरों सहित अपने थिंक टैंक्स के साथ में बैठकों का दौर चलाया जा रहा है। इन बैठकों में सरकार की आईटी एजेंसी से ही काम कराने पर फोकस किया जा रहा है। निजी एजेंसियों द्वारा कामकाज करने की एवज में मोटा पैसा लिया जाता है, बाद में अपडेट्स के लिए भी दोबारा कई तरह की शर्तें रखी जाती हैं। रसूखदार लोगों को ही नहीं बल्कि आम कर्मियों को ही इसका फायदा मिले, इस पर फोकस किया जा रहा है। खासतौर पर इस क्रम में तबादले और पोस्टिंग को लेकर मुख्यमंत्री ऑफिस के अफसर काम कर रहे हैं। दिन प्रतिदिनन इस मामले में मुख्य प्रधान सचिव औऱ सीएम के प्रमुख सचिव अपडेट भी ले रहे हैं, ताकि आचार संहिता हटने के बाद और विधानसभा चुनावों से पहले या बाद में इसको लागू किया जा सके।

कई विभागों में आईटी सेक्टर की एजेंसी टेंडर और सिफारिश के आधार पर काम करने व पैसा लेने के बाद में चले गए लेकिन पोर्टल, वैबसाइट्स सही तरह से काम नहीं होने का खामियाजा हरियाणा के युवाओं को भुगताना पड़ रहा है, अर्थात वहां पर अभी भी मैनुअल कामकाज ही किया जा रहा है।

### शिक्षा सहित कई विभागों में पहले से लागू

वैसे, शिक्षा विभाग सहित कईं विभागों में पहले ही आनलाइन तबादला नीति लागू हो चुकी है। तत्कालीन शिक्षा विभाग के एसीएस पीके दास राज्य सरकार के सबसे बड़े विभाग में सभी के सुझाव और राय लेकर आनलाइन तबादले की मुहिम को सिरे चढ़ा गए थे। शिक्षा के साथ साथ बाकी भी कईं विभागों में वही पालिसी लागू रहेगी। इसमें कुछ बदलाव संभव है, जैसे मेडिकल आधार के साथ साथ में अन्य बड़े कारण शादी विवाह होने की सूरत के साथ साथ पारिवारिक बड़ी मजबूरी की स्थिति में ही साक्ष्यों के आधार पर तबादले व पोस्टिंग की जाएगी।

### किसानों की सुध नहीं ले रही सरकार : हुड्डा

**चंडीगढ़।** बारिश के चलते किसानों को हुए नुकसान के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। क्योंकि बार-बार चेतावनी के बावजूद उसने वक्त रहते मंडियों में कोई व्यवस्था नहीं की। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा शनिवार को हुई बारिश के चलते मंडियों में किसानों की फसल भीगने पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। हुड्डा ने कहा कि सरसों की आवक शुरू होते ही उन्होंने बार-बार सरकार से मंडियों में सुचारू खरीद, बारदारने, तिरपाल व जल्द उठान की व्यवस्था करने की मांग करी थी। लेकिन बीजेपी सरकार अंधी-बहरी बनी बैठी रही। अब प्रदेश भर के किसानों को इस सरकारी अनदेखी का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

---

**सफरनामा**

**कुरुक्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के स्वदेश लौटने पर सजेगा सियासी दंगल**

*पूर्व कैबिनेट मंत्री सावित्री जिंदल ने प्रचार की कमान संभाली, कार्यकर्ता भी जुटे*

# घर आजा परदेसी तेरा देश बुलाए रे...

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे फिल्म का गाना घर आजा परदेसी तेरा देश बुलाए रे.. . आजकल यह गाना कुरूक्षेत्र लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल पर सटीक बैठ रहा है। भाजपा द्वारा नवीन जिंदल को चुनावी दंगल में उतारा है लेकिन जिंदल पिछले कई दिन से चुनाव प्रचार अभियान से दूर अपने बिजनेस को लेकर विदेशी दौरों पर हैं। हालांकि नवीन जिंदल की मां पूर्व कैबिनेट मंत्री सावित्री जिंदल पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी प्रचार में जुटी हैं लेकिन इसके बावजूद कार्यकर्ताओं व हलका की जनता को जिंदल इंतजार दिखाई दे रहे हैं। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं नवीन जिंदल के लोकसभा क्षेत्र में आगमन से चुनाव प्रचार की गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है। यह भी माना जा रहा है कि नवीन जिंदल के बिना खिलाड़ियों का सियासी दंगल अधूरा है।



### गांवों का दौरा कर रहे सुशील गुप्ता

इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी से प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता जहां पिछले दो माह से मैदान में हैं तथा हर गांव का करीब दो बार से अधिक का दौरा का चुके हैं। गुप्ता का कहना है कि जो लोग उसे बाहरी प्रत्याशी बताते हैं, वे उनको बताना चाहते हैं कि उन्होंने दो माह में सभी गांवों का दौरा कर उनका नाम के साथ-साथ उस गांव की समस्या के बारे में भी पता किया है। वे सांसद बनने पर समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करेंगे। वे जमीन से जुड़े हैं तथा जमीन पर काम कर रहे हैं।

### नवरात्र में ही प्रत्याशियों की घोषणा: दुष्यंत

पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वे नवरात्र में ही प्रत्याशियों की घोषणा कर देंगे और लगभग 5 लोकसभा सीटों से युवाओं को मैदान में उतारा जाएगा। युवा ही देश का भविष्य हैं। राजनीति कर वे देश व प्रदेश की अहम भूमिका निभा सकते हैं। कुरुक्षेत्र लोकसभा के कुछ ऐसे प्रत्याशी हैं जिनके नामों की घोषणा तो हो चुकी लेकिन वे अपने बिजनेस को लेकर विदेशों में घूम रहे हैं। वे देश व प्रदेश की जनता से कोसों दूर हैं।

### किसान हित में दिया विधायक पद से इस्तीफा : चौटाला

कुरूक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी इनेलो प्रदेश महासचिव अभय सिंह चौटाला पिछले एक माह से कुरूक्षेत्र व पूरे प्रदेश में चुनाव प्रचार में जुटे हैं। चौटाला ने कहा कि कुरूक्षेत्र उनकी कर्मभूमि है। उन्होंने कहा कि मैंने सदा ही विधानसभा में किसान व कमेरे वर्ग की आवाज उठाई है। किसान आंदोलन के दौरान पूरी तरह से किसानों का साथ दिया। अपने विधायक पद से इस्तीफा देकर यह साबित किया कि वे कमेरे वर्ग किसानों के साथ हैं। यदि वे सांसद बने तो लोकसभा में किसान, मजदूर व गरीब की आवाज बनने का काम करेंगे।



**खबर संक्षेप**

### हवाई फायर के आरोप में 10 युवक नामजद

**कनीना।** सदर थाना अंतर्गत गांव मोड़ी में घर के बाहर खड़ी कार को लाठी-डंडों से क्षतिग्रस्त करने व हवाई फायर कर दहशत फैलाने के आरोप में पुलिस ने 10 युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में मोड़ी निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 13 अप्रैल को एक गाड़ी व दो बाइकों पर सवार होकर आए 8-10 युवकों ने घर के सामने खड़ी कार को लाठी-डंडों से तोड़ दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जयप्रकाश व कृष्ण सहित अन्य युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### पंचकूला में आग से लोगों में दहशत

**पंचकूला।** पंचकूला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 में नगर निगम के हॉर्टिकल्चर वेस्ट में रविवार तड़के भीषण आग लग गई। हॉर्टिकल्चर वेस्ट को पेट्रोल पंप के साथ खाली प्लॉट में लंबे वक्त से इक्ट्ठा किया जा रहा था। मौके पर फायर ब्रिगेड की करीब 10 गाड़ियां पहुंची, उसके बाद भी दोपहर तक मुश्किल से आग पर काबू पाया गया था। फायर कर्मचारी आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, वैसे, इस पूरे घटनाक्रम में कोई हताहत नहीं हुआ है।

## मुख्य सचिव ने दिए आदेश, किसानों की सुविधा का रखें ख्याल

# जे-फॉर्म कटने के 72 घंटे के अंदर किसानों की पेमेंट सुनिश्चित की जाए

- मौसम को देखते हुए मंडी से फसल उठान में तेजी बरतें

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने प्रशासनिक सचिवों, सभी जिलों के उपायुक्तों तथा रबी-फ़सल की खरीद से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसान की फ़सल का जे-फॉर्म कटने के 72 घंटे के अंदर-अंदर फसल का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अनाज मंडियों से फसलों का समय पर उठान करने और किसानों की हर सुविधा का पूरा ख्याल रखने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों एवं अन्य अधिकारियों से रबी-फ़सल की खरीद से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा -बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। टीवीएसएन प्रसाद ने इस अवसर पर वैशाखी पर्व और डॉ भीम राव अम्बेडकर जयंती की शुभकामनाएं भी दीं। मुख्य सचिव ने आगे कहा कि इस बार प्रदेश में गेहूं की बम्पर फसल हुई है इसलिए मंडियों में बिक्री के लिए अधिक फसल आने की उम्मीद है, ऐसे में अधिकारियों को अपनी पूरी तैयारी रखनी चाहिए ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने उपायुक्तों से अपने-अपने जिला में मंडियों की व्यवस्थाओं का फीडबैक लेते हुए कहा कि जहां पर भी कोई समस्या आती है तो अपने मंडलायुक्तों तथा स्पेशल नियुक्त किये गए प्रशासनिक सचिवों से मार्गदर्शन लेकर जल्द से जल्द समाधान का प्रयास करें। उन्होंने प्रशासनिक सचिवों को भी समय -समय पर अपने अधीन मंडियों की विजिट करने के भी निर्देश दिए।



चंडीगढ़। फसल खरीद संचालन के संबंध में उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद। फोटो: हरिभूमि

### किसानों की संतुष्टि हमारी प्राथमिकता

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर किसानों द्वारा रजिस्टर की गई फसल का 15 अप्रैल शाम तक वेरिफिकेशन कर लें। उन्होंने कहा कि किसानों की संतुष्टि हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके लिए मंडी में सस्ती दरों पर चाय -खाना उपलब्ध करवाने के लिए अटल कैंटीन शुरू करने और पेयजल की व्यवस्था की जाए। उन्होंने उपायुक्तों से बारदाना समेत अन्य आवश्यक चीजों के बारे में पूछताछ की और जहां थोड़ी-बहुत कमी पाई गई वहां पर जल्द से जल्द उसको पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने फसल खरीद से संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को अपनी फ़सल की बिक्री करने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े, साथ ही फसलों का भुगतान निर्धारित अवधि में हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

## राधा स्वामी आश्रम में संत सतगुरु कंवर साहेब जी महाराज ने फरमाया सत्संग

# पारस से भी बढ़कर होते हैं संत

- गुरु की संगति में आए जीव को भी अपने जैसा बना लेते हैं संत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

सन्तों का संग पारस पत्थर से भी बढ़कर होता है क्योंकि पारस के संपर्क से लोहा सोना तो हो जाता है लेकिन पारस नहीं हो पाता लेकिन सन्त तो अपनी संगति में आये जीव को स्वयंम अपने जैसा ही बना लेते हैं। ये सत्संग वाणी राधास्वामी परम संत सतगुरु कंवर साहेब जी महाराज ने शनिवार को हांसी के भिवानी रोड स्थित राधास्वामी आश्रम में साध संगत के समक्ष प्रकट किए। गुरु महाराज बैसाखी के अवसर पर संगत को सत्संग दे रहे थे। हकंवर साहेब जी ने फरमाया कि बैसाखी के अवसर पर ही गुरु गोविंद सिंह जी ने पंज प्यारे का उदघोष करके खालसा पंथ की स्थापना की थी और सिख समुदाय के सदस्यों से गुरु और भगवान के लिए खुद को बलिदान करने के लिए आगे आने के लिए कहा था। हिंदुस्तान कृषि प्रधान ऐसा देश है जहां भक्ति का सच्चा और खालिश स्वरूप मिलता है। बैसाखी कृषि कार्यों से जुड़े और भक्ति मार्ग पर चलने वालों के लिए पाक पवित्र दिन है।



हांसी। राधा स्वामी आश्रम में सत्संग फरमाते संत कंवर साहेब जी महाराज।

# एचएयू को 6.37 करोड़ की चपत लगाने वाली कंपनी फरार

- तत्कालीन वीसी केपी सिंह सहित कई वैज्ञानिक व कर्मचारी चार्जशीट
- अभी तक कंपनी पर एफआईआर नहीं, बैंक वालों पर भी कार्रवाई नहीं

**हिसार।** यहां के हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में ग्रीन हाउस बनाने का टेंडर लेने वाली देहरादून की कंपनी विश्वविद्यालय को 6.37 करोड़ की चपत लगाकर फरार हो गई है। कंपनी ने विवि की ओर से दी गई एलसी की मार्फत यह राशि निकलवाई। मामले में बैंक की मिलीभगत की भी आशंका है। विवि प्रशासन ने इस मामले में तत्कालीन कुलपति प्रो. केपी सिंह सहित डेढ़ दर्जन वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को चार्जशीट थमाई है। हालांकि अभी तक न तो कंपनी पर एफआईआर हुई है और न ही बैंक पर कार्रवाई हुई। मामला वर्ष 2018 के ग्रीन हाउस प्रोजेक्ट से जुड़ा है। तत्कालीन कुलपति प्रो. केपी सिंह विश्वविद्यालय में सौलर आधारित ग्रीन हाउस प्रोजेक्ट लगवाना चाहते थे। इसमें विश्वविद्यालय के आधा दर्जन विभागों को अपनी रिसर्च करनी थी। यही नहीं, पूरा पोजेक्ट सौलर आधारित होने के कारण जहां विश्वविद्यालय को बिजली की बचत होनी थी वहीं फालतू बिजली ग्रिड में जानी थी, जिससे इस प्रोजेक्ट के पैसे जल्द पूरे हो जाते।

## गोगामेड़ी जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्राली व ट्रक में भिड़ंत, पांच घायल

- घायलों को डबवाली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया

**डबवाली।** डबवाली-संगरिया रोड़ भारतमाला एक्सप्रेस वे पर रविवार को अल सुबह करीब 3 बजे गांव आसाखेड़ा के पास एक सड़क हादसे में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक पंजाब के जालंधर इलाके से कुछ श्रद्धालु एक ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर राजस्थान के गोगामेड़ी धार्मिक स्थल पर माथा टेकने जा रहे थे। आज तड़के जब इन लोगों की ट्रैक्टर ट्राली गांव आसाखेड़ा के समीप थी। तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली को जोरदार टक्कर दे मारी। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर ट्राली दूर जा गिरे और वहां श्रद्धालुओं में कोहराम मच गया। हादसे में कई श्रद्धालु घायल हो गए। कुछ देर बाद आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर मदद शुरू की और फिर पुलिस व एंबुलेंस को भी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची सिविल हॉस्पिटल व डबवाली एंबुलेंस सेवा की गाड़ियों ने हादसे में घायल 5 लोगों को उपचार के लिए डबवाली के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। घायलों में रमन कुमार, पम्मा, तुषार, सुरजीत कौर व छन्नो शामिल है। यहां उपचार के बाद चार घायलों को रेफर कर दिया गया।

## अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, 11 बाइकें बरामद





जींद। चोरीशुदा बाइक सहित पुलिस गिरफ्त में दोनों आरोपित।

**जींद।** नरवाना सीआईए स्टाफ टीम ने अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को काबू किया है। पुलिस ने पकड़े गए गिरोह के सदस्यों की निशानदेही पर चोरीशुदा 11 बाइके भी बरामद की हैं। पकड़े गए आरोपितों की पहचान गांव सिंसर निवासी जोगिंद्र उर्फ काला व गांव ढाकल निवासी हाकिम खान के रूप में हुई हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपितों ने नरवाना, उचाना, कलायत, राजौंद, कैथल व कुरुक्षेत्र से बाइक चोरी किए थे। जिनको आगे बेचने की फिराक में थे। सीआईए इंचार्ज सुखदेव सिंह ने बताया कि नरवाना व उचाना एरिया में लगातार बाइक चोरी की घटनाएं हो रही थी। एसपी ने चोरी की घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सीआईए की एक विशेष टीम का गठन किया। गत 13 अप्रैल को सीआईए नरवाना की एक टीम को सूचना मिली कि बाइक चोर जोगिंद्र उर्फ काला जिसने नरवाना, उचाना व कैथल एरिया से काफी बाइकें चोरी कर रखी हैं।

## नकली आरटीए बन गाड़ी चालकों से चालान का डर दिखा एंठे रुपये, केस

- बाढ़ड़ा थाना पुलिस को शिकायत देकर दर्ज करवाया केस

**बाढ़ड़ा।** बाढ़ड़ा क्षेत्र में नकली आरटीए बनकर गाड़ी चालक से रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। झज्जर जिला निवासी गाड़ी मालिक ने नामजद व्यक्ति के खिलाफ पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बाढ़ड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी सहित दूसरी संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। बाढ़ड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में झज्जर जिले के गांव कबलाना निवासी व्यक्ति प्रवीण ने बताया कि उसके पास दो कैंटर गाड़ियां हैं, जिनमें वह लोहारू व पीलानी की ओर से सरसों को तूड़ा भरकर झज्जर में ईंट भट्ठों पर सप्लाई करता है। उसने बताया कि एक गाड़ी पर बिहार निवासी लक्ष्मण को ड्राइवर रख रखा है। बीते 4-5 अप्रैल की रात को लक्ष्मण गाड़ी लेकर आ रहा था, उसी दौरान नेशनल हाइवे 334 बी पर गांव भांडवा नहर के समीप बोलेरो गाड़ी चालक ने गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी लगाकर जबरदस्ती कैंटर को रुकवा लिया और चालक लक्ष्मण से कहा कि वह आरटीए स्टाफ से है और चालान करेगा, अगर चालान नहीं चाहते तो 10 हजार रुपये दे दो।

## चिराग की कनाडा में हत्या मामले में लगातार पुलिस के संपर्क में है परिवार

- आज युवक के शव का पोस्टमार्टम होगा

**सोनीपत।** सेक्टर-12 निवासी युवक की कनाडा के वैंकूवर शहर में गोली मारकर हत्या के मामले में परिवार के सदस्य कनाडा पुलिस के संपर्क में है। युवक सिक्योरिटी का काम करता था। कंपनी संचालक भी लगातार पुलिस और दूतावास के संपर्क में है। भारतीय समय के अनुसार सोमवार को युवक के शव का पोस्टमार्टम होगा। उसके बाद पुलिस परीक्षण करने के बाद शव भारत भेजा जाएगा। जिसमें सप्ताह से 10 दिन का समय लग सकता है। मूलरूप से गांव बड़ौली फिलहाल सेक्टर-12 निवासी रोमित आंतिल ने बताया कि उनके भाई चिराग आंतिल सितंबर, 2022 में कनाडा के वैंकूवर शहर में एमबीए की पढ़ाई करने गए थे। वह फिलहाल एमबीए करने के बाद वर्क वीजा पर एक सिक्योरिटी कंपनी में काम करते थे।

### कनाडा में एमबीए करने गया था चिराग

कनाडा में हमलावरों की गोलियां का शिकार हुआ चिराग आंतिल काफी होनहार छात्र था। उन्होंने आठवीं कक्षा तक की पढ़ाई राई स्थित मोतीलाल नेहरू खेलकूद स्कूल में की थी। उसके बाद 12 कक्षा तक सोनीपत के लिटिल एंजल्स स्कूल में पढ़े। उन्होंने दिल्ली विवि से बीबीए की पढ़ाई की और कनाडा में एमबीए करने गए थे।





Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda2wheelersindia.com

तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT: Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; AMBALA CITY: S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; NARAINGARH: SD Honda - 8708886452; BARARA: Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; SAHA: Milan Honda - 08222000203, JAGADHARI: Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; BILASPUR: Bakshi Honda - 9934390054; BALLABGARH: Kabir Honda - 9312655454; GAUNCHI: Kabir Honda - 9599396896; BHIWANI: MRM Honda - 9992888908, 9992888910; CHARKHI DADRI: MRM Honda - 9992888914, 9992888908; BAWANI KHERA: ASR Honda - 7056710107; BADHRA: SS Honda - 9991940444; TOHANA: Bharat Honda - 9728435800; FARIDABAD: Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; GREATER FARIDABAD: Pick up Honda - 9873820000; FATEHABAD: Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; RATIA: Avni Honda - 9466410724, 8168871488; GURUGRAM: Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; BADSHAHPUR GURUGRAM: 9773548811; KHANDSA ROAD GURUGRAM: Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; PALAM VIHAR GURUGRAM: Ganpati Honda - 9910894234; GURUGRAM RAILWAY ROAD: Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; SEC- 52 GURUGRAM: Yume Honda - 8130364222, 9266668820; MANESAR: Ganpati Honda - 9910894239; PATAUDI: Yume Honda - 8222840011; SOHNA: Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; HISSAR: Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; HANSI: Malik Autos Honda - 8572888818; BARWALA: Malik Autos Honda - 8572888814; ADAMPUR: Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; JHAJJAR: Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; BAHADURGARH: Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; JIND: S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; NARWANA: Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; KAITHAL: Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; CHEEKA: Kaithal Honda - 9813974232; PUNDRI: Lakhan Pal Honda - 9416847289; KARNAL: Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; ASSANDH: Raman Honda (Assandh) - 9896678058; GHARAUNDHA: Esskay Honda - 9812136979; NISSING: Royal Honda - 8930929000; INDRI: Kalra Honda - 9996909466; KURUKSHETRA: Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; LADWA: Deepak Honda - 9812077382; PEHOWA: Chirag Honda - 9812666668; SHAHBAD: Basant Honda - 9416155053; MAHENDERGARH: White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; NARNAUL: BRS Honda - 8607862777,9050109779; ATELI: Shiva Honda - 8053782800; KANINA: Suraj Honda - 9466082883; PALWAL: Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; HODAL: Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; PANIPAT: L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; MADLOUDA: Puneet Honda - 8813050100; MODEL TOWN (Panipat): L.K. Honda - 8059900603; SAMALKHA: L.K. Honda - 8059900602; PANCHKULA: Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; BARWALA PANCHKULA: Aviate Honda - 8199994719; PINJORE: Sukhija Honda - 8950222250; REWARI: Shree Honda - 9215059220; BAWAL: Avtar Honda - 9729130036; DHARUHERA: Shree Honda - 8689065800; KOSLI: Dev Honda - 9996772999; ROHTAK: Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; KALANAUR: Kamakshi Honda - 9034655187; SAMPLA: Rama Honda - 8684840808, 8684840505; MAHAM: RS Honda - 9218092190; SIRSA: Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; ELLENABAD: R S Honda - 9053442078, 9729542078; DABWALI: Decent Honda - 9996688044, 9215720991; SONEPAT: Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT): Triumph Honda - 9254015901; GANNAUR: Triumph Honda - 9254015908; GOHANA: Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; KHARKHODA: Ashirwad Honda - 9017190979; KUNDLI: Triumph Honda - 9254015904; BAHALGARH: Triumph Honda - 9034015921; YAMUNANAGAR: Sai Honda - 01732-261420, 9215593704; ITI CHOWK: Sai Honda - 9215593704; RADAUR: Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; SADHOURA: Shree Ganpati Honda - 8901286307; CHANDIGARH: Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; PANCHKULA: Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; BARWALA: Aviate Honda - 8199994719; DERABASSI: Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; MANIMAZRA: Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9878885615; PINJORE: Sukhija Honda - 8950222250; ZIRAKPUR: Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; MOHALI: Batra Honda - 7087215231, 7087215237; BULLOWAL: Bedi Honda - 8283000673.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com

## बीओबी वर्ल्ड ऐप घोटाले व अन्य वित्तीय धोखाधड़ी पर लगे रोक

# धोखाधड़ी रोकने के लिए दुकानदारों, बैंकिंग प्रतिनिधियों की अधिक जांच-परख चाहता है वित्त मंत्रालय

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय चाहता है कि बीओबी वर्ल्ड ऐप घोटाले और इसी तरह के अन्य वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों पर रोक लगाने के लिए बैंक तथा वित्तीय संस्थान 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) प्रक्रिया और जांच-परख को बढ़ाने के लिए काम करें।

ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं देने वाले दुकानदारों (मर्चेंट) तथा बैंकिंग प्रतिनिधि को जोड़ने से पहले बैंकों और वित्तीय संस्थानों को इनकी गहन जांच-परख करनी चाहिए। सूत्रों ने कहा कि इस तरह के कदम से न केवल धोखाधड़ी पर अंकुश लग सकेगा बल्कि वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत किया जा सकेगा।

### हॉटस्पॉट की पूरी तरह जांच की जानी चाहिए

सूत्रों ने कहा कि दुकानदारों और बैंकिंग प्रतिनिधि के स्तर पर आंकड़ों (डेटा) की सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत है, क्योंकि इनके स्तर पर डेटा में सेंध लगने की आशंका अधिक होती है। ऐसे में सूत्रों का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को बैंकों और वित्तीय संस्थानों को साइबर धोखाधड़ी के 'हॉटस्पॉट' पर बैंकिंग प्रतिनिधियों को जोड़ने से पहले उनकी पूरी जांच-परख करनी चाहिए।

**बैंक व वित्तीय संस्था केवाईसी की प्रकिया व जांच और बढ़ाए**

**ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में गहन जांच परख की जाए**

**बैंकिंग प्रतिनिधि के स्तर पर डेटा की सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत**

### आरबीआई डिजिटा पर विचार कर रहा

बढ़ती साइबर धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के अपने प्रयासों के तहत रिजर्व बैंक अवैध ऋण देने वाले ऐप की बढ़ती संख्या को रोकने के लिए एक डिजिटल इंडिया ट्रस्ट एजेंसी (डिजिटा) स्थापित करने पर विचार कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित एजेंसी डिजिटल ऋण देने वाले ऐप के सत्यापन में मदद करेगी और सत्यापित ऐप का एक सार्वजनिक रजिस्टर बना।







### साइबर अपराध समन्वय केंद्र की स्थापना



साइबर अपराध से व्यापक और समन्वित तरीके से निपटने के तंत्र को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने गृह मंत्रालय के माध्यम से देश में 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' की स्थापना की है।

### धोखाधड़ी को रोकने एटीएम ब्लॉक किया जाए




इसके अलावा धोखाधड़ी में इस्तेमाल सूक्ष्म एटीएम को भी ब्लॉक किया जाना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि साइबर सुरक्षा को बढ़ाने और वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने को लेकर हाल में एक अंतर-मंत्रालयी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में यह सुझाव दिया गया।

### वित्तीय साइबर धोखाधड़ी के 1128265 मामले सामने आए

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, 2023 के दौरान वित्तीय साइबर धोखाधड़ी के 11,28,265 मामले सामने आए। इन मामलों में कुल 7,488.63 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई।

## इस कथा से पूरे राष्ट्र में नवचेतना का संचार हो रहा है : स्वामी रामदेव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरिद्वार



पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज कथा के छठवें दिन स्वामी गोविन्द देव गिरि महाराज ने कहा कि अनुशासन का पालन करने वाले थोड़े से लोग भी योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें तो बड़े कार्य को सिद्ध कर सकते हैं। समय की प्रतीक्षा करना आना चाहिए, कोई भी कार्य उत्तेजना में नहीं, योजना के अनुरूप होना चाहिए। मुट्ठी भर अंग्रेजों ने भारत आकर 150 वर्षों तक राज किया, इसका मुख्य कारण योजना और अनुशासन था। उन्होंने कहा कि इस कथा में सारा इतिहास विश्वासघात का इतिहास है। ऐसे कई प्रसंग हैं जिनमें पराक्रम, वीरता, साहस के साथ-साथ छल, धोखा व विश्वासपात दिखाई पड़ता है। जीजा माता के पिता व दो भाइयों को धोखे से मारा गया। शिवाजी महाराज के बड़े भाई सम्भा जी को भी अफजलखान ने विश्वासघात से मारा। जीजा माता की वेदना कैसे शांत हो सकती थी जिसने अपने पिता, भाइयों व पुत्र को खोया हो। जगदम्बा माता के मंदिर को अफजलखान ने तोड़ा था, वह भाव शिवाजी महाराज के अंतःकरण में था।

## एलआईसी को अदाणी के शेयरों में निवेश पर हुआ 59 फीसदी का लाभ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अदाणी समूह की कंपनियों में किए गए अपने निवेश मूल्य में 59 प्रतिशत का लाभ दर्ज किया है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से समूह के शेयरों के प्रभावित होने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अदाणी समूह की सात कंपनियों में एलआईसी का कुल निवेश 31 मार्च, 2023 को 38,471 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 61,210 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 22,378 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले साल, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अदाणी के शेयरों में हेराफेरी के आरोपों के बाद बीमा कंपनी को भी समूह में निवेश करने के अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अदाणी ने रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बताया था। राजनीतिक दबाव का सामना करते हुए, एलआईसी ने रणनीतिक रूप से समूह की दो प्रमुख कंपनियों - अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड और अडाणी एंटरप्राइजेज - में अपना निवेश कम कर दिया था।

## बीते वित्त वर्ष में देश से वाहनों का निर्यात 5.5 प्रतिशत घटा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- सियाम ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जारी किए आंकड़े
- विदेशी बाजार में मौद्रिक संकट के कारण वाहनों का निर्यात घटा

देश से वाहनों का निर्यात बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 5.5 प्रतिशत घट गया है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) का कहना है कि कई विदेशी बाजारों में मौद्रिक संकट की वजह से देश से वाहनों के निर्यात में गिरावट आई है। आंकड़ों के अनुसार, बीते वित्त वर्ष में कुल वाहन निर्यात 45,00,492 इकाई रहा, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में यह 47,61,299 इकाई था। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि विभिन्न विदेशी बाजारों में परिस्थितियां अस्थिर बनी हुई हैं। अग्रवाल ने कहा, 'कुछ देश, जहां हम वाणिज्यिक वाहन और दोपहिया निर्यात के मामले में बहुत मजबूत हैं।


## विदेशी मुद्रा भंडार में 2.98 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.98 अरब डॉलर से अधिक बढ़कर 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्चस्तर पर जा पहुंचा। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 645.58 अरब डॉलर हो गया था जो उस समय तक का सर्वकालिक उच्च स्तर था। इससे पहले, सितंबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 642.45 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 54.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 571.17 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

## वैश्विक शेयर बाजारों में देखने मिल सकती है घबराघटपूर्ण बिकवाली

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष की बढ़ गई आशंका
- बाजार की निगाह कच्चे तेल की कीमतों पर भी होगी

भू-राजनीतिक घटनाक्रम, वृहद आर्थिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का होगा। बुधवार को 'रामनवमी' पर बाजार में अवकाश रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''यह सप्ताह बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इसकी वजह यह है कि ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष की आशंका पैदा हो रही है। दोनों के बीच तनाव बढ़ने से वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहटपूर्ण बिकवाली देखने को मिल सकती है। इसके अलावा बाजार की निगाह कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी, जो भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह इन्फोसिस, बजाज ऑटो और विप्रो की तिमाही नतीजे आने हैं जिनपर निवेशकों की निगाह रहेगी। मीणा ने कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े, अमेरिका के खुदरा बिक्री के आंकड़े और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल के अलावा डॉलर सूचकांक की दिशा बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। सोमवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर पर सभी की निगाह रहेगी। कंपनी ने शुक्रवार को अपनी जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे पेश किए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में नौ प्रतिशत बढ़कर 12,434 करोड़ रुपये रहा है।

*कंपनी को करना पड़ रहा चुनौती का सामना : हालांकि, विदेशी बाजारों में कंपनी को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। पूरे वित्त वर्ष में टाटा समूह की कंपनी का शुद्ध लाभ नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 45,908 करोड़ रुपये रहा है। वहीं कंपनी की आमदनी 2,25,458 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,40,893 करोड़ रुपये हो गई है।*

### वाणिज्यिक एसी बाजार में वृद्धि की पर्याप्त संभावनाएं

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक एयर कंडीशनिंग (एसी) बाजार में वृद्धि की पर्याप्त संभावनाएं हैं और तेजी से बढ़ते शहरीकरण, ढांचागत विकास और आर्थिक वृद्धि के कारण इसे समर्थन मिल रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरण विनिर्माताओं के संगठन सीईएएमए के अध्यक्ष सुनील वाचानी ने यह बात कही। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरण विनिर्माता संघ (सीईएएमए) के अध्यक्ष ने कहा कि वाणिज्यिक 'सी' (गर्मी पैदा करने वाले उपकरण, वायु संचार उपकरण और वातानुकूलन उपकरण) खंड में तेजी से बदलाव देखा जा रहा है। कार्यालयों, खुदरा स्थानों, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं, आतिथ्य प्रतिष्ठानों और शैक्षिक संस्थानों सहित बुनियादी ढांचे के विकास से इसे बढ़त मिल रही है।

### दोपहिया वाहनों के निर्यात में 5.3 फीसदी की गिरावट

दोपहिया वाहनों के निर्यात में पिछले वित्त वर्ष में 5.3 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 34,58,416 इकाई रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष में इस खंड में निर्यात 36,52,122 इकाई था। इसी तरह, वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात 16 प्रतिशत घटकर 65,816 इकाई पर आ गया। 2022-23 में वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात 78,645 इकाई रहा था। किआ मोटर्स ने वर्ष के दौरान 52,105 वाहनों का निर्यात किया, जबकि फॉक्सवैगन इंडिया ने पिछले वित्त वर्ष में 44,180 इकाइयों का निर्यात किया। निसान मोटर इंडिया और होंडा कार्स ने वित्त वर्ष 2023-24 में क्रमशः 42,989 और 37,589 इकाइयों का निर्यात किया।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

समस्या बताएं तुरंत समाधान पायें
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन-दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते-बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली-59
8586896357

ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम 21सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन,सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

जॉब
☞ RELIANCE JIO 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे SMS JOB करके लड़के/ लड़कियां, गृहणियां, स्टूडेंट, कमाए ( 21,500-67,500 ) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता WHATSAPP करें-9279501139, 7319476022.

### गोदरेज लॉक्स की नजर 50 फीसदी बाजार हिस्सेदारी पर...

**मुंबई।** ताले और सुरक्षा समाधान प्रदाता कंपनी गोदरेज लॉक्स (तालों समेत) का लक्ष्य तीन साल में बाजार हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक पहुंचाने का है। कंपनी ने कहा है कि इसके लिए वह सस्ते उत्पाद की नई श्रृंखला लाएगी और मौजूदा उत्पादों की कीमतों में कटौती करेगी। गोदरेज लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सिस्टम्स के कारोबार प्रमुख श्याम मोटवानी ने कहा कि कंपनी के नए उत्पाद मौजूदा तालों की तुलना में 50 प्रतिशत से ज्यादा सस्ते हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा तालों को भी सात-आठ प्रतिशत तक सस्ता बनाने का प्रयास किया गया है। मोटवानी ने कहा कि कंपनी लगभग तीन साल में बड़ी बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के लिए मौजूदा तालों के दाम घटाएगी और कम कीमत वाले नए उत्पाद पेश करेगी।

## चुनाव के बीच चार्टर्ड विमान, हेलिकॉप्टर की मांग बढ़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



लोकसभा चुनावों के लिए राजनेता और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि देशभर में भ्रमण कर रहे हैं, जिससे चार्टर्ड विमान और हेलिकॉप्टर की मांग 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे निजी विमान और हेलिकॉप्टर संचालकों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की उम्मीद है। चार्टर्ड सेवाओं के लिए प्रति घंटा दरें भी बढ़ गई हैं। एक विमान के लिए शुल्क लगभग 4.5 - 5.25 लाख रुपये और दो इंजन वाले हेलिकॉप्टर के लिए लगभग 1.5- 1.7 लाख रुपये है। जहां सामान्य समय और पिछले चुनावी वर्षों की तुलना में मांग बढ़ी है, फिक्स्ड विंग विमान और हेलिकॉप्टर की उपलब्धता भी कम संख्या में है। कुछ परिचालक दूसरे कंपनी से विमान और हेलिकॉप्टर चालक दल के साथ लेना चाह रहे हैं। रोटरी विंग सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष 'हेलिकॉप्टर की मांग बढ़ी है और यह सामान्य अवधि की तुलना में चुनाव अवधि में 25 प्रतिशत तक अधिक है। मांग की तुलना में आपूर्ति कम है।' दो इंजन के हेलिकाप्टर में 12 लोगों के बैठने की क्षमता : चुनाव के समय, एक इंजन हेलीकॉप्टर के लिए दर 1.5 लाख रुपये तक और दो इंजन हेलिकाप्टर के लिए 3.5 लाख रुपये तक होती है। जबकि दो इंजन वाले हेलिकॉप्टर में 12 लोगों के बैठने की क्षमता होती है। एक एकल इंजन वाले हेलिकॉप्टर में पायलट सहित सात लोगों के बैठने की क्षमता होती है, जबकि दो इंजन वाले हेलिकॉप्टर में 12 लोगों के बैठने की क्षमता होती है।


### बड़े राज्यों में हेलिकाप्टर का उपयोग अधिक

आमतौर पर, राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों और नेताओं को कम समय में विभिन्न स्थानों, खासकर दूरदराज के इलाकों में पहुंचने के लिए हेलिकॉप्टर का उपयोग करते हैं। गेली ने कहा कि उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में हेलिकॉप्टरों का उपयोग अधिक देखा जा रहा है।

**एकल इंजन हेलिकाप्टर का किराया 90 हजार रुपए प्रतिघंटा**

बिजनेस एयरक्राफ्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन (बीएओए) के प्रबंध निदेशक कैप्टन आर के बाली ने बताया कि चार्टर्ड विमानों की मांग पिछले आम चुनावों की तुलना में 30-40 प्रतिशत अधिक है। गेली ने कहा, आमतौर पर एकल इंजन वाले हेलिकॉप्टरों के लिए प्रति घंटा दर लगभग 80,000 से 90,000 रुपये है, जबकि दो इंजन वाले हेलिकॉप्टर के लिए यह लगभग 1.5 से 1.7 लाख रुपये है।

## शब्द पहेली - 5482



**बाएँ से दाए**
1.अत्यावश्यक-6
5.कारागार,जेल-4
8.पानी,नीर-2
9.मीन,मत्स्य-3
10.लक्ष्मी,कमला-2
11.कलाकार,फनकार-4
12.मर्द,मादा का विलोम-2
14.हसरत,मुराद-4
15.कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17.भूमि,धरती-3
19.मतवासा,मदहोश-4
21.फिल्मी दुनिया-3,3
24.दुर्भाग्यशाली-5
27.ठोकर लगना,भिड़ना-4
29.दौंडी पीटना-3
31.सांप,सर्प-2
32.दाल-4
33.हूर,अप्सरा-2
35.गाड़ी चलाने वाला-4
36.पिता का छोटा भाई-2
38.पुत्र,बेटा-3
39.टौंटी,नलका-2
40.ललचाना,तड़फाना-4
41.टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1.ईश्वर,अनश्वर-3,3
2.तेलहन-2
3.सुखद वस्तु, वर देना-4
4.करधनी,कमर पेटी-5
5.गलीचा-3
6.दिन-2
7.समस्या का हल-4
11.धरोहर,थाती-4
13.मिट्टी,धूल-2
16.चमकना-4
18.वायुसेना का एक विमान-3
19.इतराना-4
20.परत-2
22.जाप करना-3
23.किवाड़,द्वार-2
25.उदाहरणतः-4
26.परवरिश-3,3
28.राग छेड़ना-5
29.भेंट,मेल-मिलाप-4
30.दिया,दीपक-2
32.औषधालय, दवाखाना-4
34.खाली होना-3
37.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.नया,नवीन-2

**शब्द पहेली - 5481 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5493

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5492 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

# बेंगलोर लगातार खराब प्रदर्शन से निराश, हैदराबाद के खिलाफ गेंदबाजों से उम्मीद

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

लगातार खराब प्रदर्शन से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक चल नहीं सके हैं। रॉयल चैलेंजर्स के पास नामी गिरामी खिलाड़ी और मशहूर कोच हैं लेकिन अभी तक उनकी कोई रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। छह मैचों में एकमात्र जीत के साथ टीम दसवें स्थान पर है। इसका कारण उसके गेंदबाजों का असरदार साबित नहीं होना भी है। वे हालात के अनुरुप प्रदर्शन कर पाने में नाकाम रहे हैं।



### गेंदबाजी में वैरिएशन नहीं

*इस आईपीएल में गेंदबाजों ने वैरिएशन पर काम किया है ताकि अति आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया जा सके लेकिन आरसीबी के गेंदबाज ऐसा नहीं कर पाए। वे एक ही दिशा में सोचते चले आ रहे हैं जिससे बल्लेबाजों को उन्हें खेलने में कोई मुश्किल नहीं हो रही। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के बल्लेबाजों ने 196 रन बनाए लेकिन मुंबई ने सिर्फ 15.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ओस या छोटी सीमारेखा को बहाना नहीं माना जा सकता जब गेंदबाज 13 रन प्रति ओवर से अधिक रन लुटा रहे हों। आरसीबी के गेंदबाजों में जीत की ललक या जुझारुपन का अभाव साफ दिख रहा है।*

### फार्म में हैदराबादी बल्लेबाज



हैदराबाद के पास हेनरिच क्लासेन (186) और अभिषेक शर्मा (177) जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं जबकि ट्रेविस हेड (133) भी लगातार अच्छा खेल रहे हैं। एक ईकाई के रूप में ये किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। पांच मैचों में छह अंक लेकर फिलहाल पांचवें स्थान पर काबिज सनराइजर्स की भी कमजोर कड़ियां हैं। अभी तक गेंदबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। शाहबाज अहमद और मयंक मार्कंडेय ने 11 से अधिक की औसत से रन दिए हैं। हैदराबाद के पास हालांकि कप्तान पैट कमिंस के रूप में संकटमोचक है जिसने छह विकेट लिए हैं और सात की औसत से रन दिए हैं। वह नई गेंद से या बीच के ओवरों में दूसरे बदलाव के तौर पर या डैथ ओवरों में हर जगह अच्छी गेंदबाजी करने में कामयाब रहे हैं। टी नटराजन के आने से गेंदबाजी में संतुलन आ गया है।

### कोहली बने संकटमोचक

*आरसीबी के पास विराट कोहली जैसा तुरुप का इक्का है जो इस समय ऑरेंज कैप पहने है। वहीं फाफ डु प्लेसी, रजत पाटीदार और दिनेश कार्तिक ने भी मुंबई के खिलाफ अर्धशतक बनाए थे। ग्लेन मैक्सवेल का फॉर्म हालांकि चिंता का सबब बना हुआ है।*

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

*सनराइजर्स हैदराबाद: जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक।*

*रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।*

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 6 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 |
| बेंगलोर | 6 | 1 | 5 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
319 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



युजुवेन्द्र चहल
11 विकेट
राजस्थान

## खबर संक्षेप

### लगातार अच्छा खेलने का दबाव है : हेड



**बेंगलुरु।** आस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड ने 2023 में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन उन्हें पता है कि यह स्तर बनाए रखना चुनौतीपूर्ण है और इस सफर का पहला पड़ाव टी20 विश्व कप होगा। हेड ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और 50 ओवरों के विश्व कप में शतक जमाए थे। अब वह इंडियन प्रीमियर लीग के जरिए जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी पुख्ता करना चाहते हैं। हेड ने कहा, 'एक खिलाड़ी के तौर पर मैने लंबा सफर तय किया है। मेरी अपनी शैली है और विदेश में भी उसी तरह खेलता हूं। अब लगातार अच्छा खेलने का दबाव है।'

### धवन कम से कम दस दिन के लिए बाहर



**मुल्लांपुर।** राजस्थान रॉयल्स से करीबी मुकाबला हारने के बाद पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने संकेत दिया कि कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण कम से कम सात से दस दिन बाहर रहेंगे। धवन रॉयल्स के खिलाफ भी नहीं खेल सके थे जिनकी जगह सैम कुरेन ने कप्तानी की थी। बांगड़ ने कहा, 'उसके कंधे में चोट लगी है और वह कुछ दिन और बाहर रहेगा। शिखर जैसा अनुभवी सलामी बल्लेबाज टीम के लिए बहुत जरूरी है। देखना होगा कि उपचार कैसा रहता है। इस समय तो लग रहा है कि वह कम से कम सात से दस दिन नहीं खेल सकेगा।'

### अक्षय तीसरे दौर में चूके शेफलेर को एकल बढ़त



**आगस्टा।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने 88वें आगस्टा मास्टर्स के तीसरे दिन दो ओवर 74 के स्कोर के साथ शीर्ष दस में रहने का मौका गंवा दिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। वहीं भारतीय मूल के ही साहित थीगाला संयुक्त 36वें स्थान पर हैं जिन्होंने छह ओवर के साथ लगातार तीसरे दिन 74 स्कोर किया।

आईपीएल : सुपरजायंट्स की छह मैचों में तीसरी हार

# कोलकाता ने दर्ज की चौथी जीत, साल्ट के तूफान से लखनऊ को आठ विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



फिल साल्ट की नाबाद 89 रन की आक्रामक पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। कोलकाता की 17वें सीजन की यह चौथी जीत है। एलएसजी की पारी को सात विकेट पर 161 रन पर रोकने के बाद केकेआर ने 15.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की। साल्ट ने 47 गेंद की पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाने के साथ कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 76 गेंदों में 120 रन की अटूट साझेदारी की। अय्यर ने 38 गेंद में नाबाद 38 रन की संयमित पारी के दौरान छह चौके जड़े।

एलएसजी के लिए सिर्फ मोहसिन खान ही गेंद से प्रभावित कर सके उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिए। टीम ने 22 अतिरिक्त रन लुटाये। लखनऊ सुपरजायंट्स की यह छह मैचों में तीसरी हार है। निकोल्स पूरन (32 गेंद में 45 रन) और कप्तान लोकेश राहुल (27 गेंद में 39 रन) की उपयोगी पारियों से एलएसजी को 160 रन से अधिक स्कोर तक पहुंचाया। पूरन ने आखिरी ओवरों में चार छक्के और दो चौके लगाए जबकि राहुल ने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाए। पिछले मैच में अर्धशतक लगाने वाले आयुष बडोनी ने 27 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 29 रन बनाए।

### स्टार्क ने किए तीन शिकार

केकेआर के लिए मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि सुनील नारायण ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर एक विकेट लिया। वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसेल को भी एक-एक सफलता मिली।

### लखनऊ पर पहली जीत

आईपीएल इतिहास में पहली बार केकेआर ने लखनऊ को हराया। केकेआर और लखनऊ के बीच इससे पहले आईपीएल में तीन मुकाबले खेले गए थे और तीनों ही मैच लखनऊ ने अपने नाम किए थे। यहां तक कि पिछले साल ईडन गार्डेंस पर दोनों टीमों के बीच खेला गया मुकाबला भी लखनऊ ने एक रन से जीता था, लेकिन इस बार शानदार लय में दिख रही कोलकाता ने लखनऊ को मात देने में देरी नहीं की और एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की।

### राहुल के टी20 में 300 छक्के पूरे

राहुल ने पारी के 10वें ओवर की पहली ही गेंद पर आंद्रे रसेल की गेंद पर जोरदार छक्का जमाया। इस सिक्स के साथ ही राहुल ने टी-20 क्रिकेट में 300 छक्के भी पूरे कर लिए हैं। राहुल यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारत की ओर से महज पांचवें बल्लेबाज हैं। राहुल से पहले यह मुकाम रोहित शर्मा, विराट कोहली, एमएस धोनी और सुरेश रैना ही हासिल कर सके हैं।केएल राहुल ने केकेआर के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 27 गेंदों पर 39 रन की सूझबूझ भरी पारी खेली।

### स्कोर बोर्ड

| एलएसजी पारी: | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक का नारायण बो अरोड़ा | 10 | 08 | 2 | 0 |
| राहुल का रमनदीप बो रसेल | 39 | 27 | 3 | 2 |
| हुड्डा का रमनदीप बो स्टार्क | 08 | 10 | 1 | 0 |
| बडोनी का रघुवंशी बो नारायण | 29 | 27 | 2 | 1 |
| स्टोइनिस का सॉल्ट बो वरुण | 10 | 05 | 2 | 0 |
| पूरन का सॉल्ट बो स्टार्क | 45 | 32 | 2 | 4 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 07 | 08 | 0 | 0 |
| अरशद खान बो स्टार्क | 05 | 04 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 161/7
गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-28-3, अरोड़ा 3-0-34-1, हर्षित राणा 4-0-35-0, नारायण 4-0-17-1, चक्रवर्ती4-0-30-1, रसेल 1-0-16-1

| केकेआर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल साल्ट नाबाद | 89 | 47 | 14 | 3 |
| नारायण का स्टोइनिस बो मोहसिन | 06 | 06 | 1 | 0 |
| रघुवंशी का राहुल बो मोहसिन | 07 | 06 | 0 | 1 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 38 | 38 | 6 | 0 |

अतिरिक्त : 22, कुल : 15.4 ओवर में 162/2
गेंदबाजी : जोसेफ 4-0-47-0, मोहसिन 4-0-29-2, कृणाल 1-0-14-0, यश 2-0-25-0, अरशद 2-0-24-0, बिश्नोई 2.4-0-17-0



# गायकवाड़, दुबे व पथिराना ने चेन्नई को जीत दिलाई

## मुंबई को 20 रन से हराया, रोहित का शतक बेकार

एजेंसी ▶▶| मुंबई


कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे के अर्धशतक के बाद मथीसा पथिराना की तूफानी गेंदबाजी से चेन्नई सुपरकिंग्स ने रोहित शर्मा के शतक के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां मुंबई इंडियन्स को 20 रन से हरा दिया।

सुपरकिंग्स के 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियन्स की टीम पथिराना (28 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने रोहित की 63 गेंद में पांच छक्कों और 11 चौकों से नाबाद 105 रन की पारी के बावजूद छह विकेट पर 186 रन ही बना सकी। रोहित ने इशान किशन (23) के साथ पहले विकेट के लिए 70 और तिलक वर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की लेकिन मुंबई को जीत नहीं दिला सके। गायकवाड़ (40 गेंद, 69 रन, पांच छक्के, पांच चौके) और दुबे (38 गेंद में नाबाद 66 रन, दो छक्के, 10 चौके) ने इससे पहले अर्धशतक जड़ने के अलावा तीसरे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की जिससे सुपरकिंग्स ने चार विकेट पर 206 रन बनाए। महेंद्र सिंह धोनी ने अंत में चार गेंद में तीन छक्कों से नाबाद 20 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 200 रन पार पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे मुंबई को रोहित और इशान की जोड़ी ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 63 रन बनाए। रोहित ने तुषार देशपांडे (29 रन पर एक विकेट) पर चौके से खाता खोला और फिर इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में छक्का मारा। इशान ने भी शारदुल ठाकुर की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा। रोहित ने मुस्तफिजुर रहमान (55 रन पर एक विकेट) पर अपना दूसरा छक्का जड़ा। मथीसा पथिराना ने अपनी पहली ही गेंद पर इशान (23) को शारदुल के हाथों कैच कराके मुंबई को पहला झटका दिया।

# अंजू और हर्षिता को एशियाई चैम्पियनशिप में मिला रजत

■ सरिता मोर खाली हाथ लौटी

एजेंसी ▶▶| बिश्केक



अंजू और हर्षिता को एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक से संतुष्ट होना पड़ा जिससे इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक भारतीय पहलवानों से अब तक दूर है। भारतीय टीम को हालांकि 2021 विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता सरिता की हार से बड़ा झटका लगा। हाल ही में राष्ट्रीय चयन ट्रायल में 53 किग्रा वर्ग में विनेश फोगाट को हराकर सुर्खियां बटोरने वाली रेलवे की पहलवान अंजू ने फिलीपींस की आलिया रोज गावलेज और श्रीलंका की नेथमी अहिंसा फर्नांडो के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में उन्हें चीन की चेन लेई से कड़ी टक्कर मिली लेकिन वह 9-6 से जीत दर्ज करने में सफल रही। स्वर्ण पदक के लिए अंजू के सामने उत्तर कोरिया की जि हयांग किम की चुनौती थी। इस मुकाबले में अंजू एक भी अंक नहीं जुटा सकी और तकनीकी श्रेष्ठता से हार गयी। हर्षिता ने 72 किग्रा के फाइनल तक के सफर में सिर्फ तीन अंक गंवायें। उन्होंने उज्बेकिस्तान की ओजोदा जरीपबोएवा को तकनीकी श्रेष्ठता (13-3) से हराने के बाद कजाकिस्तान की अनास्तासिया पानासोविच को 5-0 से मात दी। फाइनल में वह चीन की कियान जियांग की चुनौती से पार नहीं पा सकी। चीन की पहलवान ने उन्हें 5-2 से शिकस्त दी। सरिता अपना क्वार्टर फाइनल मुकाबला मंगोलिया की गंटुया एनखबत से 4-8 से हार गईं।

### मैक्सवेल की चोट से जुड़ी चिंताएं खारिज

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 2024 मैच से पहले ग्लेन मैक्सवेल की फिटनेस संबंधी चिंताओं को दूर किया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के पिछले मैच में क्षेत्ररक्षण करते समय मैक्सवेल के अंगूठे पर चोट लग गई थी लेकिन बोबाट ने कहा कि यह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर अच्छी तरह से उबर गया है। बोबाट ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मैक्सी के कुछ स्कैन हुए हैं और वह फिलहाल ठीक हैं इसलिए चोट की कोई चिंता नहीं है। वह आज अभ्यास करने जा रहे हैं और फिर देखेंगे।' मैक्सवेल आईपीएल के मौजूदा सत्र में खराब दौर से गुजर रहे हैं और छह मैचों में 5.33 की औसत से सिर्फ 32 रन ही बना पाए हैं। हालांकि बोबाट ने जल्द से जल्द चीजों को बदलने के लिए मैक्सवेल का समर्थन किया।

# कैंडिडेट्स शतरंज: गुजराती को हराकर इयान के साथ गुकेश ने बनाई बढ़त

एजेंसी ▶▶| टोरंटो



भारत के डी गुकेश ने हमवतन विदित गुजराती को हराकर कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर के बाद रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ संयुक्त बढ़त बना ली है। आर प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला जबकि हिकारू नकामूरा ने फेबियानो कारुआना को हराया।

नेपोम्नियाश्चि को निजात अबासोव ने ड्रॉ पर रोका। टूर्नामेंट के छह दौर अभी बाकी हैं। गुकेश और नेपोम्नियाश्चि के पांच अंक हैं जबकि नकामूरा और प्रज्ञानानंदा के 4.5 अंक है। कारुआना चार अंक लेकर पांचवें स्थान पर हैं। गुजराती के 3.5 अंक हैं जबकि अबासोव के 2.5 अंक हैं। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने हमवतन आर वैशाली को हराया और अब उनके 3.5 अंक हैं। चीन की झोंग्यी तान को हमवतन टी लेइ ने हराया। अब रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना और लेइ आठ में से पांच अंक लेकर शीर्ष पर हैं। हम्पी और नूरगुल सलीमोवा पांचवें स्थान पर हैं। वैशाली 2.5 अंक लेकर आखिरी स्थान पर हैं।

टी20 वर्ल्ड कप : चयनकर्ताओं के लिए माथापच्ची शुरु

# कोहली, रोहित, यशस्वी सलामी बल्लेबाज के दावेदार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2024 के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान टी20 वर्ल्ड कप के लिए होगा, इसके लिए खूब नूराकुश्ती देखने को मिल सकती है। टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर से लेकर मिडिल ऑर्डर तक... इसके बाद ऑलराउंडर्स, स्पिनर्स से लेकर पेसर्स तक... सभी डिपार्टमेंट में मौजूदा खिलाड़ियों के बीच सेलेक्शन को लेकर कंपटीशन देखने को मिलेगी।

टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से करीब डेढ़ महीने पहले आज हम आपको टीम इंडिया के वर्ल्ड कप के टॉप ऑर्डर को लेकर बात करने वाले हैं। आखिर टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के ओपनर्स कौन हो सकते हैं? इसके लिए हमने सभी मौजूदा भारतीय खिलाड़ियों के नंबर 1 और नंबर 2 पर खेलने के आंकड़ों का एनालिसिस किया, जो टी20 फॉर्मेट में टीम इंडिया के लिए खेल रहे हैं या खेल चुके हैं।



### नंबर-1 के दावेदार


*अब तक भारतीय टीम के लिए टी20 इंटरनेशनल में बतौर ओपनर्स की बात की जाए, तो इस पोजीशन (नंबर-1 और नंबर-2) पर सबसे ज्यादा रन रोहित शर्मा के हैं। वहीं मौजूदा समय में खेल रहे खिलाड़ियों में बतौर ओपनर विराट कोहली का एवरेज सबसे ज्यादा है। संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल और सूर्यकुमार यादव का सलामी बल्लेबाज के तौर पर स्ट्राइक रेट सबसे ज्यादा है। यहां ध्यान रहे हमने टी20 इंटरनेशनल में भारतीय टीम के लिए ओपनिंग करने वाले बल्लेबाजों का विश्लेषण किया है।*

### यशस्वी का पलड़ा भारी

जैसा कि अनुमान है रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप के लिए ओपनिंग ऑर्डर में बदलाव नहीं करेंगे। भारतीय टीम अपना आखिरी टी20 मैच 17 जनवरी को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलने उतरी थी। उस मैच में ओपनर रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल थे। ऐसे में जायसवाल का पलड़ा भारी है। रोहित और जायसवाल के अलावा शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़ भी दावेदार हैं। ईशान किशन भी इस पैरामीटर में फिट बैठते हैं, जो विकेटकीपर के साथ ओपनर बल्लेबाज हैं। वहीं विराट कोहली ने आईपीएल 2024 के शुरुआती मैचों में ओपनिंग करते हुए जिस तरह की बल्लेबाजी की है, उसे देखते हुए कुछ दिग्गज कोहली को भी ओपनिंग स्लॉट के लिए दावेदार बता रहे हैं।

# आरसीबी को हराने के लिए हमें असाधारण प्रदर्शन की जरूरत

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु



सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की आईपीएल में खराब शुरुआत को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि सोमवार को मेजबान को हराने के लिए उनकी टीम को 'असाधारण' प्रयास की जरूरत होगी।

सोमवार को मेजबान आरसीबी की टीम मौजूदा सत्र में छह मैचों में से सिर्फ एक जीतकर दो अंकों के साथ आईपीएल तालिका में 10वें स्थान पर है। विटोरी ने रविवार को मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे नहीं लगता कि कोई भी टीम आरसीबी के स्तर को कम आंकती है। वे एक बहुत अच्छी टीम हैं इसलिए उन्हें हराने के लिए हमें असाधारण प्रदर्शन की जरूरत होगी। प्रत्येक मैच कठिन है और विशेष रूप से जब आप घर से दूर खेल रहे हों।

आरसीबी स्पष्ट रूप से पिछले मैचों में जो हुआ उससे सीखता रहेगा और वे काफी आक्रामक होने जा रहे हैं। हम एक गेंदबाजी इकाई के रूप में काफी दबाव में होंगे क्योंकि वह काफी आक्रामक हैं।'

## चिंतन

# न्याय बनाम संकल्प पत्र पर जन भरोसे की परीक्षा

आम चुनाव से पहले पार्टियों द्वारा घोषणा पत्र जारी करने की परंपरा रही है। घोषणा पत्र के जरिये लोकलुभावन वादों से वोटरों को लुभाने की कोशिश होती है। हालांकि 1952 से हो रहे आम चुनाव में घोषणा पत्रों में किए गए वादे पार्टियों ने शायद ही पूरे किए हैं। केंद्र में चाहे सरकार कांग्रेस या उसके गठबंधन की रही हो या फिर भाजपा नीत गठबंधन की, किसी ने भी चुनाव से पहले किए वादों को पूर्णतः पूरा नहीं किया। इस बार भी लोकसभा चुनाव से पूर्व मिशन 2024 के लिए कांग्रेस और भाजपा ने भी अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। भाजपा ने अपने 76 पन्नों के मेनिफेस्टो को संकल्प पत्र का नाम दिया है, कांग्रेस ने न्याय पत्र नाम दिया है। गत पांच अप्रैल को कांग्रेस ने 5 न्याय और 25 गारंटी के वादे के साथ अपना 48 पन्नों का घोषणा पत्र जारी किया था और आज भाजपा ने डा. भीम राव आंबेडकर की जयंती के दिन 14 अप्रैल को अपना संकल्प पत्र जारी किया है, इसमें 24 गारंटी के वादे हैं। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के लिए आंबेडकर जयंती का दिन चुनकर एक बड़े वर्ग को सामाजिक न्याय का भरोसा दिया है। उसने अपने संकल्प पत्र में पुरानी योजनाओं को जारी रखने, उनका दायरा बढ़ाने, 2047 तक विकसित भारत बनाने समेत कई बड़े वादे किए हैं। ये बातें पीएम मोदी पहले से ही करते रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने अपने 'न्याय पत्र' में सामाजिक न्याय के साथ युवाओं, महिलाओं और किसानों को केन्द्र में रखकर कई बड़े वादे किए हैं। बारीकी से देखें तो, दोनों घोषणा पत्र गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के ईर्द-गिर्द हैं। कांग्रेस का जोर स्थाई सरकारी नौकरी व महिलाओं को नकद देने पर ज्यादा है। भाजपा की गारंटियों में सभी को स्वास्थ्य बीमा, सभी के लिए बीमा योजना और सभी को पक्का घर देने का वादा प्रमुख हैं। इसमें मूलभूत ढांचे के विकास के साथ-साथ कृषि और रोजगार क्षेत्र को मजबूत करने का संकल्प भी दोहराया गया है। भाजपा के घोषणा पत्र को मोदी सरकार 3.0 के अगले पांच सालों के बजट का संकेत पत्र माना जा सकता है। भाजपा के घोषणा-पत्र में समान नागरिक संहिता, एक देश एक चुनाव, अगले पांच साल तक 5 किलो मुफ्त राशन, पेपर-लीक पर लगाम लगाने के लिए कानून लाने, मैन्युफैक्चरिंग व इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश, इलेक्ट्रिक वाहनों का विस्तार, हाई-वैल्यू सर्विसेज के लिए ग्लोबल सेंटर्स, किसान निधि जारी रखने, 3 करोड़ लखपति दीदी, उत्तर भारत में भी बुलेट ट्रेन, 70 से अधिक उम्र के सभी लोगों व ट्रांसजेंडरों को भी आयुष्मान योजना का लाभ, गरीबों को 3 करोड़ नए घर, रसोई गैस की पाइप से आपूर्ति, 20 लाख तक मुद्रा ऋण जैसे सर्व समावेशी वादे किए गए हैं। 2019 के घोषणा-पत्र में भी भाजपा ने यूसीसी, एक राष्ट्र एक चुनाव, 60 साल की उम्र के बाद देश के किसानों व छोटे दुकानदारों को पेंशन देने आदि जैसे बड़े वादे किए गए थे, जो पूरे नहीं हुए। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में पांच न्याय- हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय के साथ जाति जनगणना कराने, गरीब महिलाओं को प्रति वर्ष एक लाख रुपये नकद देने, आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने, 30 लाख सरकारी नौकरी देने, एमएसपी को कानूनी दर्जा, जीएसटी मुक्त खेती, एक वर्ष के भीतर एससी/एसटी के बैकलॉग भरने, संविदा कर्मियों को नियमित करने, योजना आयोग की बहाली, बुल्डोजर न्याय को खत्म करने, संविधान की रक्षा करने जैसे बड़े वादे किए हैं। अब गेंद जनता के पाले में है कि वह भाजपा या कांग्रेस में से किसकी गारंटी पर भरोसा करती है। यह चुनाव न्याय बनाम संकल्प पत्र पर जन भरोसे की परीक्षा है। चूंकि इस बार का चुनाव पूर्ण बहुमत बनाम गठबंधन सरकार के बीच है, जिसमें भाजपा पूर्ण बहुमत की बात कर रही है, वहीं कांग्रेस इंडी गठबंधन की विजय के लिए कोशिश में है, ऐसे में मेनिफेस्टो में गारंटियों की परीक्षा भी है।

## सारा संसार



महाराष्ट्र में कोल्हापुर से 14 किलोमीटर दूर पुणे-बेंगलुरू राजमार्ग पर चिन्मय गणधीश मंदिर पूरी दुनिया में गणेश की सबसे ऊंची मूर्ति के लिए जाना जाता है। यह प्रतिमा 61 फीट की ऊंचाई पर खड़ी है। इसका उद्घाटन 2001 में किया गया।

आम चुनाव
सोनम लववंशी



# भाषा का गिरता स्तर चिंताजनक

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही पूरे देश में राजनीतिक सरगर्मियां उफान पर है। पक्ष विपक्ष अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कब सिद्धांतों को धत्ता बता दें यह पता ही नहीं चलता। अभिव्यक्ति के नाम पर अनर्गल बयानबाजी ने राजनीति की शुचिता को तार-तार कर दिया है। 'बोल के लब आजाद हैं तेरे' पंक्ति का शोर आजकल राजनीतिक आबोहवा में गुंजित हो रहा है। ऐसे में मालूम तो यही पड़ता कि जब मशहूर शायर फैज अहमद फैज ने इन पंक्तियों को लिखा होगा तो शायद ही कभी ये सोचा होगा कि देश के राजनेता उनकी इस पंक्ति के सहारे शब्दों की सारी मर्यादा लांघ जाएंगे! यूं तो महिलाओं के प्रति की जाने वाली अभद्र टिप्पणियों के लिए भारतीय लोकतंत्र सदियों से बदनाम रहा है, लेकिन चुनाव आते-आते विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर को अमर्यादित भाषा के वायरस से कलंकित करने में हमारे राजनेता कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अब महिला नेत्री भी इस मुकाबले में पीछे नहीं रही है। बीते दिनों ही कंगना रनौत और ममता बनर्जी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियां इसकी ताजा मिसाल हैं, लेकिन महिलाओं पर ऐसे हमले क्यों होते हैं और यह स्थिति कैसे बदलगी? ये कोई नहीं कह सकता। वैसे जब महिला ही महिला को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने लगे तो स्थिति और असहज हो जाती है। बीते दिनों पश्चिम बंगाल से बीजेपी सांसद दिलीप घोष ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर विवादित टिप्पणी की। यूं तो चुनाव आयोग ने ऐसे बयानों पर चेतावनी देकर इतिश्री कर ली, पर इससे कोई खास फ़र्क नहीं पड़ा तभी तो अभी हाल के दिनों में ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद रणदीप सुरजेवाला ने भी हेमा मालिनी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। अब जरा कोई रणदीप सुरजेवाला को यह बताएगा कि कांग्रेस में भी महिलाएं सांसद-विधायक क्यों बनती हैं? एक पार्टी का जिम्मेदार नेता कैसे अशोभनीय भाषा पर उतारू हो जाता है। यह समझ नहीं आता। विडंबना देखिए कि चुनाव आते ही देश में महिला सशक्तिकरण पर सबसे ज्यादा फोकस किया जाता है। आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं आज हर क्षेत्र में पुरुषों की बराबरी कर रही हैं, लेकिन महिलाओं के साथ छींटाकशी आधुनिक समाज में भी चरम पर हैं। माना कि चुनाव का दौर चल रहा है और जीतने के लिए मुद्दे गढ़े जाते हैं, लेकिन यह कौन सा तरीका हुआ कि महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां की जाए। किसी भी महिला के खिलाफ किसी राजनेता को अभद्र टिप्पणी करने का क्या अधिकार है? सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय महिला के साथ शाब्दिक छींटाकशी क्यों? दुःखद तथ्य यह है कि अब तो महिलाएं स्वयं महिलाओं पर अनर्गल प्रलाप कर रही हैं। आज जिस दौर में भारतीय राजनीति में भाषा की गिरावट अपने निम्नतम स्तर पर पहुंच गई है। राजनेताओं के बोल बिगड़ते जा रहे हैं। उन्हें दूसरे राजनीतिक दल के नेताओ को बुरा बोलने में कोई बुराई नजर नही आती है। फिर सवालों की एक लंबी फेहरिस्त उत्पन्न होती है। क्या उसके उत्तर हमारे लोकतांत्रिक पहरुओं के पास है? पहला सवाल अभिव्यक्ति की आज़ादी ये तो नहीं कहती कि आप किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के मान को भंग करें? फिर आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? राजनीति निजी दुश्मनी अदा करने का कोई अखाड़ा भी नहीं। फिर अमर्यादित होने का क्या निहितार्थ? जब संवैधानिक व्यवस्था में राजनीति का जन्म देश को सुचारू रूप से आगे ले जाने के लिए हुआ। फिर मूल उद्देश्य को क्यों बिसार रहे राजनीति के सिपहसालार?

(लेखक सामाजिक विश्लेषक व वूमन एक्टिविस्ट हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अपराधियों को नायक न बनाएं



दो टूक
अवधेश कुमार

माफियाओं, बाहुबलियों, अपराधियों को मृत्यु के बाद उसे गरीबों का मसीहा और नायक बनाया जाना भय पैदा करता है। सजाप्राप्त अपराधी को मुसलमानों का नायक, गरीबों का मसीहा बताया जाए तथा राजनीतिक पार्टियां और नेता उसके पक्ष में बयान दें इससे ज्यादा डरावना कुछ नहीं हो सकता। सांप्रदायिक तत्वों द्वारा फैलाया गया खतरनाक झूठ कि मुसलमानों की चुन-चुन कर हत्याएं हो रही हैं- देश में सांप्रदायिक तनाव का वातावरण पैदा कर रहा है। ऐसी राजनीति और एक्टिविज्म भयभीत करने वाली है। मुख्तार जैसे लोग नायक नहीं खलनायक हैं। खलनायक को नायक बनाने की प्रवृत्ति के विरुद्ध डटकर खड़ा होने की आवश्यकता है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के घर जाकर उसे महान और मसीहा साबित करने की उस अभियान को आगे बढ़ाया जो उसकी मौत के समय से ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ने जेल में रहते हुए मुख्तार को पांच बार विधायक बनाया तो इसका मतलब है कि वह जनता के दुख दर्द में शामिल रहे और उसी का परिणाम है कि जनाजे में इतनी अधिक भीड़ उमड़ी। उन्होंने बांदा जेल में मुख्तार की मृत्यु पर सरकार को घेरा तथा उसकी तुलना रूस में बिना नाम लिए विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलनी की जेल में हुई मृत्यु से कर दी। जेल में कैदी की मृत्यु की कानून के अनुसार न्यायिक दंडाधिकारी से जांच आवश्यक है और जांच रिपोर्ट आना बाकी है। मुख्तार अंसारी पिछले लंबे समय से जब भी वीडियो में आया काफी कमजोर दिखता था। व्हील चेयर पर ही उसके बाहर निकलने या अंदर जाने की तस्वीरें आईं थीं। उसकी मेडिकल रिपोर्ट में अनेक बीमारियां लिखी हुई हैं। इतनी बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति की कभी भी किसी कारण से मृत्यु हो सकती है। वैसे भी बाहुबल और धनबल की बदौलत बादशाहत कायम करने की मानसिकता में जीने वाले व्यक्ति को जेल में आम अपराधी की तरह व्यवहार से मानसिक आघात लगना बिलकुल स्वाभाविक है। मानसिक तनाव, दबाव व हताशा में मनुष्य अनेक बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। योगी आदित्यनाथ सरकार के कारण बांदा जेल में वह आम सजाप्राप्त कैदी की तरह ही था। कुछ बुद्धिजीवियों, संगठनों, नेताओं, राजनीतिक पार्टियों आदि के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट के कोई मायने नहीं हैं। प्रचार यही हो रहा है कि उसे मारा गया है। कुछ दिनों से उसके परिवार और वकील धीमा जहर देने का आरोप एक रणनीति के तहत लग रहे थे, जिसका उद्देश्य जमानत दिलाना या मन मुताबिक किसी जेल में शिफ्ट कराना था। मृत्यु से कुछ दिनों पहले बेटे से बातचीत के ऑडियो से उसके काफी अस्वस्थ व कमजोर होने के साथ गहरी निराशा में डूबे होने का पता भी चलता है।

उसकी मृत्यु पर सपा, बसपा या कुछ अन्य पार्टियों, मजहबी नेताओं आदि ने जिस ढंग का माहौल बनाया है उसने आम व्यक्ति को उद्वेलित किया है। ऐसा कोई कारण नहीं दिखता, जिससे प्रशासन या जेल या सरकार उसे तत्काल गैर कानूनी तरीके से मारने का कदम उठाए। इस समय उसकी मृत्यु से किसी को कुछ भी प्राप्त नहीं होने वाला था। लगातार उसे सजा मिल रही थी और अंतिम समय तक वह जेल में छटपटाते रहता तो इसका संदेश अन्य माफियाओं, बाहुबलियों, अपराधियों के बीच जाता कि ऐसे लोगों के साथ यही होना है। योगी सरकार की दृष्टि से यह स्थिति ज्यादा अनुकूल थी। मृत्यु के बाद उसे गरीबों का मसीहा और नायक बनाया जाना भय पैदा करता है। जितनी संख्या में उसके नमाज ए जनाजा में लोग शामिल हुए वह सामान्य अवस्था का द्योतक नहीं है। ऐसे लोगों के जनाजे में इतने बड़े जन समूह का उभरना मुस्लिम समाज के अंदर बढ़ती ऐसी प्रवृत्ति है जिससे डरने और जिसको हर हाल में रोके जाने की आवश्यकता है। मुख्तार अंसारी न्यायालय द्वारा सिद्ध माफिया, हत्यारा, अपहरणकर्ता , सांप्रदायिक दंगा करने




वाला बाहुबली था। 65 से ज्यादा मुकदमे उसके नाम पर थे जिनमें आठ में उसे सजा दी जा चुकी थी। इनमें दो में उम्र कैद की सजा थी। न्यायालय द्वारा घोषित सजाप्राप्त अपराधी को मुसलमानों का नायक, गरीबों का मसीहा बताया जाए तथा राजनीतिक पार्टियां और नेता उसके पक्ष में बयान दें इससे ज्यादा डरावना कुछ नहीं हो सकता। वे सरकार और पुलिस प्रशासन के साथ न्यायपालिका पर भी प्रश्न उठा रहे हैं। 2013 में मुंबई बम विस्फोटों के अपराधी टाइगर मेनन के जनाजे में मुंबई में उमड़ी भीड़ ने पहली बार देश को हैरत में डाला था। उस समय से यह एक स्थापित प्रवृत्ति है। अतीक अहमद की हत्या पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न था, लेकिन उसकी मृत्यु पर विशेष नमाज जगह-जगह अदा कर जन्नत की दुआ करना किस बात का द्योतक था? डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की मृत्यु पर इस तरह का दृश्य नहीं था। वस्तुतः उनके जनाजे में हिंदुओं की संख्या सर्वाधिक थी। कांग्रेस के शासनकाल से उत्पन्न राजनीति के अपराधीकरण के भयावह दौर में ऐसे अपराधी और बाहुबली, जिन्हें जेल में होना चाहिए वो विधायक और सांसद बनकर नीति-नियंता बन गए। अतीक, अंसारी या शहाबुद्दीन जैसों की एकमात्र योग्यता यही थी कि वो अपने अपराध के बल पर साम्राज्य कायम कर चुके थे। सैयद शहाबुद्दीन को भी अपराधी होने के बाद ही राजद ने सांसद बना दिया। इनके कारण इन पार्टियों को कुछ क्षेत्रों में मुसलमानों के बड़े वर्ग का वोट भी मिलता था। सांसद और विधायक बनने के बाद इनका अपराध तंत्र ज्यादा फैला और प्रशासन के लिए उनके विरुद्ध कार्रवाई हमेशा कठिन रही। भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या मुख्तार ने जेल में रहते हुए कराई। अतीक जेल से भी पूरा तंत्र चलाता था और पुलिस की तरह ही उसके पास इंटेरोगेशन से लेकर कैद रखने के ढांचे बने हुए थे। शहाबुद्दीन की भी ऐसी ही स्थिति थी।

अगर उत्तर प्रदेश में योगी की सरकार नहीं होती तो अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, बाबू बजरंगी जैसों का कानून की गिरफ्त में इस तरह आना, मारा जाना या सजा देना कतई संभव ही नहीं होता। जरा सोचिए, मुख्तार अंसारी ने उत्तर प्रदेश के वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की सरेआम हत्या करवाई और आज कांग्रेस उसे अपराधी तक कहने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस ने उसे बचाने के लिए उत्तर प्रदेश से पंजाब की रोपड़ जेल में शिफ्ट कराया तथा उसे वापस न लाया जा सके इसके लिए सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाइयां लड़ी। ऐसी पार्टियों के होते क्या उसे सजा मिल सकती थी? ये पार्टियां भूल रही हैं कि देश ने राजनीति के अपराधीकरण और अल्पसंख्यकवाद के दौर को पीछे छोड़ दिया। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2022 में भाजपा सरकार की वापसी का सबसे बड़ा कारण यही था कि अपराधी और माफिया के विरुद्ध अविश्वसनीय स्तर तक कार्रवाई हुई। योगी आदित्यनाथ केवल उत्तर प्रदेश नहीं, बल्कि देश में आम लोगों के बीच अपराधियों व माफियाओं के विरुद्ध किसी भी दबाव से परे अडिग रहते हुए कठोरता से कार्रवाई करने वाले नायक के रूप में खड़े हुए हैं तो इसी कारण। उप्र में सभी समुदायों के आम आदमी की प्रक्रिया होती है कि हम अब निर्भय होकर सड़कों पर चल सकते हैं, इसलिए बसपा, सपा या कांग्रेस या अन्य पार्टियां अगर मानती है कि ऐसे अपराधियों के पक्ष में खड़ा होकर वे मुस्लिम वोटों से फिर विजय प्राप्त कर सत्ता पा लेंगे तो यह सपना पूरा नहीं होने वाला, पर इस व्यवहार के कारण सांप्रदायिक तत्वों द्वारा फैलाया गया खतरनाक झूठ कि मुसलमानों की चुन-चुन कर हत्याएं हो रही हैं- देश में सांप्रदायिक तनाव का वातावरण पैदा कर रहा है। ऐसी राजनीति और एक्टिविज्म भयभीत करने वाली है। मुख्तार जैसे लोग समाज के नायक नहीं खलनायक हैं। खलनायक को नायक बनाने की सांप्रदायिक और विभाजनकारी प्रवृत्ति के विरुद्ध डटकर खड़ा होने की आवश्यकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## सफलता पाने को मन पर अंकुश लगाना ज़रूरी



संकलित
दर्शन

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

## जब कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें



संकलित
प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बैसाखी का इतिहास और संदेश

बैसाखी का पर्व हिंदुओं और सिक्खों द्वारा मनाया जाने वाला त्योहार है। 13 अप्रैल 1699 को सिक्खों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसलिए इस त्योहार को हर्षोल्लास से मनाया जाता है। यह दिन जहां किसानों के लिए अपनी फसल के पकने और काटने की खुशी का दिन होता है, वहीं इसी दिन जलियांवाला बाग हत्याकांड अंग्रेजों की नापाक हरकत को भी याद करवाता है। 13 अप्रैल 1919 को बैसाखी वाले दिन अंग्रेजों ने जलियांवाला बाग में जिस नापाक हरकत को अंजाम देते हुए कई भारतीयों पर गोलियां चलाकर निहत्थे लोगों को मौत की नींद सुलाया था, उसको याद कर अब भी हर किसी की रुह तक कांप जाती है।

**- संतोष मेहता**, जगदलपुर

## ट्रेंड

### गरीब को समर्पित संकल्प पत्र



भाजपा का संकल्प पत्र युवाशक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब को समर्पित है। इन्हीं संकल्पों को लेकर मध्य प्रदेश के होशंगाबाद में अपनों के बीच आकर गर्व महसूस कर रहा हूं। भाजपा का संकल्प पत्र, देश को आत्मनिर्भरता की तरफ ले जाने वाला है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जीवन को खोज लेंगे



एक बार जब आप दुख के डर से आगे निकल जाते हैं, तो आप स्वाभाविक रूप से जीवन को पूरी तरह से खोज लेंगे। दुनिया में प्रभावी कामकाज के लिए ज्ञान मुख्य कारक नहीं है, बल्कि धारणा की स्पष्टता है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु


### दो शब्द गायब



भाजपा के मेनिफेस्टो और नरेंद्र मोदी के भाषण से दो शब्द गायब हैं-महंगाई और बेरोज़गारी। जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती। इंडी गठबंधन का प्लान बिलकुल स्पष्ट है। 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को 1 लाख की पक्की नौकरी।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### मात देता है



व्यायाम चिकित्सा बिलों को मात देता है। सूरज की रोशनी अवसाद को मात देती है। स्वस्थ भोजन मोटापे को, पैसा बचाना कर्ज से मुक्ति दिलाता है। ज्ञान अज्ञान को हराता है। कृतज्ञता ईर्ष्या को मात देती है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# बाइडन ने ईरान के हमले की निंदा की



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की और स्थिति पर विचार विमर्श तथा आगे की कार्रवाई के लिए रविवार को जी-7 नेताओं की बैठक बुलाई है। बाइडन की इस प्रतिक्रिया के बीच अमेरिकी सेना ने ईरान के ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने के प्रयासों में मदद की। इजराइल ने कहा कि उसने और उसके सहयोगी देशों ने ईरान की ओर से दागी गईं 200 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों में से अधिकतर को बीच में ही रोक दिया है। बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। उन्होंने कहा, 'आज तड़के ईरान और यमन, सीरिया तथा इराक के उसके हमदर्दों ने इजराइल में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए अप्रत्याशित हमला किया। मैं इन हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं।' बाइडन ने कहा कि इजराइल की मदद करने के उनके निर्देश पर अमेरिकी सेना ने पिछले सप्ताह क्षेत्र में विमान और बैलेस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक भेजे थे। उन्होंने कहा, 'इन तैनाती और हमारे सैनिकों की दक्षता के कारण हम लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने में इजराइल की मदद कर पाए।' बाइडन ने कहा, 'मैंने अभी प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की और इजराइल को अमेरिका के मजबूत समर्थन को दोहराया।'

## ऑफ बीट

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए कला थेरेपी है लाभदायक



उपचार के उद्देश्यों के लिए कला का उपयोग दुनिया भर में प्रथम राष्ट्र के लोगों की प्रथाओं से हजारों साल पुराना है। कला चिकित्सा शारीरिक स्वास्थ्य और भावनात्मक भलाई में सुधार लाने के लिए रचनात्मक प्रक्रियाओं, मुख्य रूप से दृश्य कला जैसे पेंटिंग, ड्राइंग या मूर्तिकला का उपयोग करती है। जब लोग शारीरिक या मानसिक अस्वस्थता का सामना करते हैं, तो उनके अनुभवों को शब्दों में व्यक्त करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। कला चिकित्सक एक चिंतनशील कला-निर्माण प्रक्रिया के माध्यम से लोगों को जबरदस्त विचारों, भावनाओं और अनुभवों का पता लगाने और संसाधित करने में सहायता करते हैं। यह कला कक्षाओं से अलग है, जो अक्सर कलाकृति के तकनीकी पहलुओं, या अंतिम उत्पाद के सौंदर्यशास्त्र पर ध्यान केंद्रित करते हैं। कला चिकित्सा का उपयोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों की एक विस्तृत श्रृंखला के उपचार में सहायता के लिए किया जा सकता है। इसे बेहतर आत्म-जागरूकता, सामाजिक संबंध और भावनात्मक विनियमन सहित लाभों से जोड़ा गया है और इसकी मदद से संकट, चिंता और यहां तक कि दर्द के स्तर को भी कम किया गया है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# कांग्रेस ने हमेशा डॉ बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान किया, हमने सम्मान दिया : मोदी

पिपरिया (मप्र) (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस ने हमेशा डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का अपमान किया, लेकिन उनकी सरकार ने उनका सम्मान किया है। मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के पिपरिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने कभी भी आदिवासियों के योगदान को मान्यता नहीं दी, लेकिन भाजपा सरकार ने उन्हें सम्मानित किया है। भारत के संविधान निर्माता की जयंती पर मोदी ने कहा, ₹कांग्रेस ने हमेशा डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का अपमान किया, हमने उनका सम्मान किया है।₹ उन्होंने देश के शीर्ष संवैधानिक पद पर द्रौपदी मुर्मू के चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान के कारण एक आदिवासी महिला भारत की राष्ट्रपति बनीं। मोदी ने विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए कहा, "कांग्रेस कह रही है कि अगर मैं तीसरी बार प्रधानमंत्री बना तो देश में आग लग जाएगी।'




## कांग्रेस 'टुकड़े-टुकड़े गैंग की सुल्तान' : मोदी

मैसूरु (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उसे 'टुकड़े-टुकड़े गैंग का सुल्तान' करार दिया। उन्होंने मुख्य विपक्षी पार्टी पर खतरनाक इरादे से देश को 'बांटने, तोड़ने और कमजोर'करने का आरोप लगाया। मोदी ने कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस पर हमला करते हुए आरोप लगाया, "लूट के कारण सरकार का खजाना खाली है, विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाएं बंद हो रही हैं।" उन्होंने कहा, "कांग्रेस को चुनाव लड़ने में मदद करने के लिए कर्नाटक से सैकड़ों करोड़ रुपये का काला धन देश भर में भेजा जा रहा है। यह कांग्रेस का शासन मॉडल है।"

## परमाणु हथियार खत्म कर देश की रक्षा नहीं कर सकते

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के एक घटक दल के परमाणु निरस्त्रीकरण के पक्ष में बयान देने को लेकर रविवार को निशाना साधा और कहा कि बिना परमाणु हथियारों के देश की रक्षा नहीं की जा सकती। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक झटके में गरीबी उन्मूलन के दावे पर तंज कसते हुए कहा कि देश राहुल को गंभीरता से नहीं लेता। प्रधानमंत्री मोदी ने किसी भी पार्टी का नाम लिए बिना मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के एक घटक दल ने परमाणु निरस्त्रीकरण का आह्वान किया है। मोदी ने लोगों से पूछा कि क्या आज के दौर में देश को परमाणु हथियार की जरूरत है या नहीं खासकर तब जब उसके दुश्मनों के पास इतनी ताकत है।

## कांग्रेस झूठ फैला रही, भाजपा आरक्षण कभी खत्म नहीं होने देगी : अमित शाह

खैरागढ़ (छत्तीसगढ़) (भाषा)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आरक्षण कभी खत्म नहीं होने देगी और न ही यह कांग्रेस को ऐसा करने देगी। इससे पहले दिन में जारी किये गए भाजपा के संकल्प पत्र (चुनावी घोषणा पत्र) के बारे में उन्होंने कहा कि जब नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी और 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था लाई जाएगी। शाह ने छत्तीसगढ़ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए लोगों से मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरा कार्यकाल देने को कहा, ताकि अगले तीन वर्षों में राज्य में नक्सलवाद की समस्या को खत्म किया जा सके। गृह मंत्री ने कहा, "आज बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती है। पूरा देश उन्हें दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और गरीबों के उत्थान की दिशा में किये गए कार्यों के लिए याद कर रहा है। इस दिन, लोग उनके द्वारा तैयार किये गए संविधान की भावना को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का काम करते हैं, लेकिन कांग्रेस ऐसे दिन भी झूठ फैलाने में लगी हुई है।'



## पूरी दुनिया कह रही, तीसरी बार भारत के पीएम बनने जा रहे मोदी : राजनाथ

जमुई/बांका (भाषा)। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को दावा किया कि पूरी दुनिया कह रही है कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार भी भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने बिहार के जमुई और बांका लोकसभा क्षेत्रों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विदेशों में होने वाले कार्यक्रमों के लिए निमंत्रण मिल रहे हैं, जो इस बात का पुख्ता सबूत है कि दुनिया मानती है कि सत्ता में उनकी वापसी अपरिहार्य है। रक्षा मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत एक ऐसी शक्ति बन गया है, जो सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करने में सक्षम है, जैसा कि सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान देखा गया था। मोदी ने फैसला किया कि इसे बदलना होगा। अब मिसाइल, बम, मोर्टार और गोले, सभी न केवल हमारी अपनी धरती पर निर्मित किए जा रहे हैं बल्कि हमने इन वस्तुओं का निर्यात भी शुरू कर दिया है।"



## स्पष्ट जनादेश से अनुच्छेद 370 निरस्त करने जैसी उपलब्धियां हासिल हुई : नड्डा

नई दिल्ली (भाषा)। भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त किए जाने, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने और महिला आरक्षण कानून बनाए जाने जैसी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए रविवार को कहा कि यह पार्टी को मिले स्पष्ट जनादेश के कारण ही संभव हुआ। नड्डा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, "पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियां स्पष्ट जनादेश का परिणाम हैं।" उन्होंने गांवों में सड़कें बनाए जाने, शौचालय बनवाए जाने और 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाले जाने सहित कई अन्य मुद्दों का जिक्र किया और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की कुछ उपलब्धियों के तौर पर गिनाया। नड्डा ने कहा कि 2029 में लोकसभा सदस्यों में 33 प्रतिशत महिलाएं होंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सामाजिक न्याय के आदर्शों का पालन कर रही है और बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती पर घोषणापत्र जारी किया जा रहा है।



## चुनावी आरोप-प्रत्यारोप

### गरीब, युवा, महिला आधारित 'संकल्प पत्र' : योगी



लखनऊ (भाषा)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संकल्प पत्र की सराहना करते हुए कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए 14 नए संकल्पों और चार स्तंभों (गरीब, युवा, महिला व किसान) पर आधारित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में भाजपा का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें विकास और कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। योगी ने यहां जारी एक बयान में कहा, "देश की आकांक्षा ही मोदी का मिशन है। मोदी का विजन ही हम सबका मिशन है।

### मोदी लोकतंत्र को नष्ट कर रहे : शरद पवार



सोलापुर (महाराष्ट्र) (भाषा)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने मोदी पर देश में धीरे-धीरे लोकतंत्र को नष्ट करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनमें और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच कोई फर्क नहीं है। पवार सोलापुर जिले में अकलुज में पत्रकारों से बात कर रहे थे, जहां वह माढा और सोलापुर लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा करने के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री विजयसिंह मोहिते पाटिल के आवास पर पहुंचे। उन्होंने कहा, "मोदी नहीं चाहते कि विपक्ष से कोई भी निर्वाचित हो। उनका रुख दिखाता है कि उनमें और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन में कोई अंतर नहीं है।'

### कांग्रेस महिलाओं का करती है अपमान : कंगना



शिमला (भाषा)। हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार कंगना रनौत ने रविवार को कांग्रेस पर महिलाओं का अपमान करने का आरोप लगाया और दावा किया कि उनकी पार्टी के किसी नेता ने कभी इस तरह का कोई कृत्य नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने भारतीय संविधान के निर्माता बी आर आंबेडकर और सुभाष चंद्र बोस, वी डी सावरकर और सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे देशभक्तों को उचित सम्मान नहीं दिया। रनौत ने कहा, "उनकी (कांग्रेस नेताओं की) मानसिकता ऐसी है कि वे मेरा, (भाजपा सांसद) हेमा मालिनी, जयाप्रदा और अन्य महिलाओं का अपमान करते हैं।

### भाजपा घोषणा पत्र में महंगाई का जिक्र नहीं : तेजस्वी



पटना (भाषा)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी को हटाने या कम करने का कोई जिक्र नहीं है। यादव ने पटना में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए दावा किया, "भाजपा के घोषणा पत्र में कहीं भी नौकरी, रोजगार, महंगाई और गरीबी को हटाने अथवा कम करने का कोई जिक्र नहीं है।" उन्होंने दावा किया कि भाजपा के घोषणा पत्र में देश के 60 फीसदी युवाओं, 80 प्रतिशत किसानों और देश के लगभग छह लाख 40 हजार से अधिक गांवों के लिए कुछ भी नहीं है।

### पश्चिमी उप्र को अलग राज्य बनाएंगे : मायावती



मुजफ्फरनगर (उप्र) (भाषा)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने रविवार को वादा किया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को एक अलग राज्य बनाने के लिए ठोस कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा, "पश्चिमी उप्र के लोग लंबे समय से अलग राज्य की मांग करते आ रहे हैं। अगर केंद्र में हमारी सरकार आती है तो पश्चिमी उप्र को एक अलग राज्य बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।" मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बसपा उम्मीदवार दारा सिंह प्रजापति के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के तीसरी बार सत्ता में आने की संभावना बहुत कम है।

### भाजपा का 'संकल्प पत्र' झूठ का रिकॉर्ड : अखिलेश



लखनऊ (भाषा)। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा के 'संकल्प पत्र' पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा का घोषणापत्र ब्रह्मांड में झूठ का रिकॉर्ड तोड़ने वाले जुमलों का दस्तावेज भर है। सपा प्रमुख यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "जनता ने जब अपने सुनहरे भविष्य को विकल्प के रूप में चुनते हुए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को जिताने व भाजपा को हराने का संकल्प ले ही लिया है। यादव ने कहा " झूठ और जुमले जिनकी पहचान बन गये हों तो जनता न उनके संकल्प-पत्र पर विश्वास करेगी और न भविष्य की गारंटी पर।'

## देश की जनता और मुद्दों से भटके प्रधानमंत्री मोदी : प्रियंका गांधी

जयपुर (भाषा)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश की जनता और उनके मुद्दों से कट भटक गये हैं। प्रियंका गांधी ने जालोर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल चुनाव के समय एक अजीब सा माहौल बन गया है। आपके ध्यान को



भटकाने वाली सारी बातें हो रही हैं। बडे बडे प्रचार हो रहे हैं, अजीब सी बहकी-बहकी सी बातें हो रही हैं। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री मोजी कभी अपनी झूठी वीरता दिखाते हैं तो कभी शेखी बघारते हैं. मांस-मछली की बात करते है.. कभी हवा में उड़ते हैं तो कभी समुद्र के नीचे चले जाते है..इन बातों से आपके जीवन का क्या मतलब है?" प्रियंका ने कहा कि सबसे बडी आपकी समस्या क्या है महंगाई। मुझे लगता है कुछ हो गया है मोदी जी को। समझ नहीं पा रहे है।

## चुनाव सत्तारूढ़ सरकार की 'मनुवादी' विचारधारा के खिलाफ लड़ाई : खरगे

नागपुर (भाषा)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नहीं बल्कि सत्तारूढ़ सरकार की "मनुवादी" विचारधारा के खिलाफ लड़ाई है। नागपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री और भाजपा के कद्दावर नेता नितिन गडकरी के खिलाफ कांग्रेस उम्मीदवार विकास



ठाकरे के लिए एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि कांग्रेस बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है जो 140 करोड़ भारतीयों के अधिकारों की रक्षा करता है। खरगे ने कहा, "ठाकरे कोई नामी गिरामी उम्मीदवार नहीं, बल्कि जमीनी स्तर के कार्यकर्ता हैं। उन्हें मनुवादी विचारधारा को हराने के लिए चुना गया है। 2024 का लोकसभा चुनाव मोदी या गडकरी के खिलाफ नहीं बल्कि मनुवादी विचारधारा के खिलाफ लड़ाई है।'

## कांग्रेस की 16वीं लिस्ट : कन्हैया कुमार को उत्तर-पूर्व दिल्ली से टिकट


नई दिल्ली। कांग्रेस ने दिल्ली में अपने खाते में आई तीनों सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने उत्तर पूर्वी दिल्ली की सीट से जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्र नेता रहे कन्हैया कुमार को मैदान में उतारा है। वे भाजपा के दो बार के सांसद और वर्तमान उम्मीदवार लोकप्रिय भोजपुरी गायक मनोज तिवारी को टक्कर देंगे। कांग्रेस ने चांदनी चौक की प्रतिष्ठित सीट से अपने अनुभवी नेता जेपी अग्रवाल को मैदान में उतारा है। वे भाजपा उम्मीदवार प्रवीण खंडेलवाल को टक्कर देंगे। उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से उदित राज भाजपा के योगेंद्र चंदोलिया को टक्कर देंगे।



कन्हैया कुमार
उत्तर पूर्व दिल्ली



उदित राज
उत्तर पश्चिम दिल्ली



जेपी अग्रवाल
चांदनी चौक

**मजबूत टक्कर चांदनी चौक सीट पर :** कांग्रेस की सबसे मजबूत टक्कर चांदनी चौक की सीट से मानी जा रही है, जहां से पार्टी ने अपने पूर्व सांसद जेपी अग्रवाल को मैदान में उतारा है। वे पूर्व में उत्तर पूर्वी दिल्ली और चांदनी चौक सीट से चुनाव जीत चुके हैं। व्यापारी समुदाय से होने के कारण जेपी अग्रवाल की चांदनी चौक सीट पर अच्छी पकड़ मानी जाती है।

## भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी'

*नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने रविवार को अपना घोषणा-पत्र जारी कर दिया। भाजपा ने नई दिल्ली में पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। इस दौरान घोषणा-पत्र समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। इस संकल्प पत्र के केंद्र में गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग को रखा गया है, जिसे पीएम मोदी अपने चुनाव अभियान में चार जातियां बताते आए हैं।*

### ऐसा है संकल्प पत्र

- संकल्प पत्र कुल 76 पन्नों का है, जिसमें कई वादे हैं।
- घोषणा-पत्र समिति को करीब 15 लाख सुझाव मिले।
- ऑनलाइन माध्यम नमो एप से चार लाख और वीडियो से 10 लाख सुझाव मिले।




### संकल्प पत्र के मुख्य अंश

#### गरीबों के लिए

- पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना-अगले पांच साल तक मुफ्त राशन।
- गरीब की थाली की सुरक्षा-प्राइज स्टेबलाइजेशन फंड बनाया जाएगा।
- फ्री स्वास्थ्य सुविधाएं- आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख तक मुफ्त इलाज।
- पीएम आवास योजना-हर गरीब को आवास सुविधा मिलेगी।
- हर घर नल से जल-गांव-कस्बों और शहर के हर घर में नल से पानी।
- स्लम रीडेवलपमेंट-झुग्गी-झोपड़ी वाले गरीबों को पक्का घर देंगे।
- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना-हर माह फ्री बिजली।

#### महिलाओं के लिए

- तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाया जाएगा।
- वुमन सेल्फ हेल्प ग्रुप सर्विस सेक्टर से जोड़ेंगे-इनकम बढ़ाने के मौके मिलेंगे।
- सेल्फ हेल्प ग्रुप के प्रोडक्ट को ग्राहकों तक पहुंचाना-एक जिला एक उत्पाद, एकता मॉल, ग्रुप को जीईएम पोर्टल से जोड़ेंगे।
- वर्किंग वुमन के लिए इंडस्ट्रियल और कमर्शियल क्षेत्रों में हॉस्टल बनाएंगे, जिनमें चाइल्ड केयर की सुविधा होगी।
- स्पोर्ट्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए योजनाएं लाएंगे।
- महिलाओं के लिए पब्लिक टॉयलेट का निर्माण और मेंटेनेंस।
- महिलाओं की स्वास्थ्य की रक्षा-एनिमिया, कैंसर के लिए अभियान चलाएंगे।
- नारी शक्ति वंदन- लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएंगे।
- पुलिस स्टेशन में शक्ति डेस्क का विस्तार होगा

#### किसानों के लिए

- पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 6000 रुपये मिलते रहेंगे।
- फसल बीमा योजना में नुकसान की जांच को आधुनिक तकनी का प्रयोग। -एमएसपी में की गई बढ़ोतरी को जारी रखेंगे।
- श्री अन्न को बढ़ावा देकर भारत को दुनिया का न्यूट्रीहब बनाएंगे।
- नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा देंगे, कस्टम हायरिंग के सेंटर्स बढ़ाएंगे।
- नैनो यूरिया के उपयोग को बढ़ावा देंगे।
- पशुओं के लिए चारा बैंक, मिल्क कूलर सुविधा का विस्तार करेंगे।
- देसी पशुओं की बीमारियों से सुरक्षा और नस्लों का संरक्षण करेंगे।


#### वरिष्ठ नागरिकों के लिए

- सरकारी आयुष्मान भारत के तहत फ्री इलाज की सुविधा।
- पोर्टल के जरिए सीनियर सिटीजन नॉलेज और अनुभव शेयर कर सकेंगे।
- सरकारी सेवाओं की पोस्टल और डिजिटल नेटवर्क के जरिए घर तक पहुंच।
- डिजिटल सशक्तिकरण-यूपीआई व ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम की ट्रेनिंग देंगे।
- वरिष्ठ लोगों के लिए आयुष्मान कैंप लगाएंगे
- प्रदेश सरकारों के साथ मिलकर तीर्थ यात्रा को सुगम बनाएंगे

#### युवाओं के लिए

- एक पारदर्शी सरकारी भर्ती प्रणाली।
- पेपर लीक को रोकने के लिए कानून का कार्यान्वयन।
- स्टार्टअप इकोसिस्टम और फंडिंग का विस्तार।
- स्टार्टअप्स को-मेंटरशिप।
- मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में रोजगार के अधिक अवसर।
- इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश से रोजगार के अवसर।
- हाई-वैल्यू सर्विसेज के लिए ग्लोबल सेंटर्स।
- उद्यमिता की भावना को बढ़ावा।
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उच्च शिक्षा के नए संस्थानों की स्थापना।

#### रेलवे के लिए



- नई रेलवे पटरियों का निर्माण
- यात्री और मालवाहक (कार्गो) परिवहन की क्षमता बढ़ाने के लिए रेलवे नेटवर्क का विस्तार।
- अगले कुछ वर्षों तक हर साल 5,000 किमी नई पटरियां जोड़ी जाएंगी।
- टिकट की उपलब्धता बढ़ाई जाएगी।
- टिकटों की वेटिंग लिस्ट को न्यूनतम करने की प्रतिबद्धता।
- कवच ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का विस्तार।
- विश्व स्तरीय स्टेशन का निर्माण।
- आधुनिक ट्रेनों के नेटवर्क का विस्तार।
- विश्व स्तरीय वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों का विकास और निर्माण किया है। इन ट्रेनों के नेटवर्क का और विस्तार।
- आरामदायक लंबी दूरी की यात्रा के लिए वंदे स्लीपर ट्रेन की शुरुआत।
- क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए ट्रेनों का विस्तार।
- दिल्ली और मेरठ के बीच आरआरटीएस शुरू हुई, अब इन सेवाओं का और विस्तार।
- विश्व स्तरीय स्टेशन का निर्माण।
- 1,300+ रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय मानकों पर पुनर्विकास हो रहा है। इस परियोजना का विस्तार अन्य सभी बड़े और मध्यम आकार के स्टेशनों तक किया जाएगा।
- आधुनिक ट्रेनों के नेटवर्क का विस्तार।
- विश्व स्तरीय वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों का विकास और निर्माण किया गया है। इन ट्रेनों के नेटवर्क का और विस्तार होगा।
- आरामदायक लंबी दूरी की यात्रा के लिए वंदे स्लीपर ट्रेन।
- मेट्रो नेटवर्क का विस्तार।
- पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। इस बुलेट ट्रेन नेटवर्क के विस्तार के लिए उत्तर, दक्षिण और पूर्व में नए कॉरिडोर के लिए फिजिबिलिटी स्टडी किया जाएगा।
- नागरिकों को ट्रेनों से संबंधित सभी सेवाएं प्रदान करने के लिए सुपर एप।
- भारत की समृद्ध विरासत के अनुभव के लिए भारत गौरव रेल सेवा आरंभ की गई है। इसका विस्तार देश के सभी प्रमुख आस्था एवं सांस्कृतिक केंद्रों तक होगा।

# हॉट सीट : आरएसएस के गढ़ में नितिन गडकरी के सामने जीत की हैट्रिक बनाने की चुनौती

ओ.पी. पाल ▶▶| नई दिल्ली

महाराष्ट्र की महत्वपूर्ण लोकसभा सीटों में शामिल नागपुर लोकसभा सीट भाजपा के लिए इसलिए भी खास है कि यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्यालय है। इस सीट से केंद्रीय मंत्री नितिन जयराम गड़करी लगातार तीसरी बार भाजपा के टिकट से चुनावी जंग में हैं। नागपुर की इस शहरी लोकसभा सीट पर गड़करी को चुनौती देने के लिए कांग्रेस ने नागपुर के कांग्रेस जिलाध्यक्ष विकास ठाकरे को चुनाव मैदान में उतारा है। आरएसएस मुख्यालय होने के बावजूद यह ऐसी सीटों में शामिल है, जहां 18 बार हुए लोकसभा चुनाव में 13 बार कांग्रेस ने अपना परचम लहराया है और भाजपा के नितिन गड़करी ने ही साल 2014 के चुनाव में जीत हासिल करके कांग्रेस के विजय रथ रोका था और पिछले लगातार दो बार से भाजपा के लिए जीत हासिल करते रहे है। इसलिए नितिन गड़करी के सामने जहां जीत की हैट्रिक बनाने की चुनौती होगी। वहीं कांग्रेस की सियासी पटरी पर वापसी लाने के लिए अग्नि परीक्षा होगी।



*कांग्रेस ने नागपुर के जिलाध्यक्ष विकास ठाकरे को चुनाव मैदान में उतारा*

### पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को महाराष्ट्र की जिन पांच लोकसभा सीटों पर मतदान होगा, उनमें महाराष्ट्र की विदर्भ क्षेत्र में दूसरी सबसे बड़ी नागपुर लोकसभा सीट पर भी मतदान होगा। महायुति गठबंधन में भाजपा ने इस सीट पर मौजूदा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को फिर से अपना प्रत्याशी बनाया है। केंद्र की सरकार में पिछले एक दशक से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री का पद संभालते आ रहे नितिन गड़करी ऐसे राजनीतिज्ञ है कि सत्तापक्ष के साथ कांग्रेस समेत तमाम दल उनके कामकाज के तरीके मुरीद है। राजनीतिक विशेषज्ञों भी मानकर चल रहे हैं कि इसी वजह से इस हाई प्रोफाइल नागपुर संसदीय सीट से महायुति के उम्मीदवार नितिन गडकरी के हैट्रिक लगाने के पूरे आसार हैं।

*2014 में नितिन ने कांग्रेस के विजय रथ रोका, पिछले लगातार दो बार से भाजपा के लिए जीत हासिल की*



### क्या है चुनावी समीकरण

नागपुर लोकसभा सीट पर भले ही महायुति गठबंधन में भाजपा उम्मीदवार नितिन गडकरी के हैट्रिक बनाने की उम्मीद की जा रही है, लेकिन वंचित बहुजन अघाडी के अध्यक्ष प्रकाश अम्बेडकर के कांग्रेस प्रत्याशी विकास ठाकरे को समर्थन देने से उनके सामने कुछ चुनौती है, क्योंकि नागपुर में वंचित अघाड़ी के मतदाताओं की कहीं ज्यादा है। इसके बावजूद भाजपा और महायुति गठबंधन को भरोसा है कि गड़करी तिसरी बार रिकार्ड मतों से चुनाव जीतेंगे।

### मतदाताओं का आंकड़ा

नागपुर लोकसभा क्षेत्र में इस बार मतदान करने के लिए 21,60,232 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 10,96,329 पुरुष, 10,63,828 महिला एवं 75 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। इस सीट के लिए 1341 ऐसे मतदाता हैं, जिनमें 85 साल से अधिक आयु के 1204 बुजुर्गों और 37 दिव्यांगों ने घर से मतदान करने के लिए अपना पंजीकरण कराया है। पिछले चुनाव की तुलना में इस बार इस सीट पर मतदाताओं की संख्या में कमी दर्ज की गई। पिछले 2019 में इस सीट पर 864 मतदाता ज्यादा यानी कुल 21,61,096 मतदाता थे।

### जातीगत समीकरण

महाराष्ट्र की इस सीट पर सर्वाधिक अनुसूचिति जाति और अनुसूचित जनजाति के मतदाता है, जिन्हें किसी भी चुनाव में निर्णाय माना जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक इस सीट पर 4.50 अनुसूचिति जाति दो लाख अनुसूचित जाति के अलावा 3.50 लाख मराठा, दो लाख मुस्लिम तथा एक लाख ब्राह्मण मतदाता हैं। आबादी के लिहजा से नागपुर संसदीय क्षेत्र में 14.37 प्रतिशत बौद्ध, 0.74 प्रतिशत ईसाई, 0.53 प्रतिशत जैन, 8.8 प्रतिशत मुस्लिम, 18.6 प्रतिशत अनुसूचित जाति, 9.4 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति, 0.44 प्रतिशत सिक्ख भी निवास करते हैं।

### ऐसे टूटा कांग्रेस का वर्चस्व

नागपुर लोकसभा सीट पर आजादी के बाद पहले चुनाव से ही कांग्रेस का वर्चस्व रहा है। मसलन वह पहले पांच चुनाव में अवजित रही, लेकिन 1971 के चुनाव में यहां आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक ने जीत हासिल की, जिसके बाद 1996 में भाजपा के बनवारीलाल पुरोहित ने पहली जीत दर्ज की, लेकिन इसके बाद कांग्रेस ने फिर पलटवार करते हुए लगातार अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, जिसे 2014 के चुनाव में भाजपा के नितिन गडकरी ने रोका और लगातार जीत हासिल करते आ रहे हैं। साल 2019 लोकसभा चुनाव में नागपुर सीट से भाजपा के नितिन गडकरी ने कांग्रेस के नाना फाल्गुनराव पटोले को 2.16 लाख के बड़े अंतर से हराकर दूसरी बार जीत दर्ज की थी। इससे पहले 2014 के लोकसभा चुनाव में पहली बार नागपुर लोकसभा सीट चुनाव लड़ते हुए कई बार के कांग्रेस सांसद विलास मुत्तेमवार को 2.50 लाख मतों के अंतर हराया ही नहीं था, बल्कि कांग्रेस का गढ़ फतेह किया था।

### ईरान के इजराइल पर हमले को लेकर अमेरिका सहित कई देशों ने की निंदा

# अमेरिका ने जी-7 देशों की बुलाई बैठक, हमलों के खिलाफ डिप्लोमैटिक प्रतिक्रिया पर होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान के इजराइल पर किए गए हमले को लेकर जी-7 देशों के नेताओं ने निंदा की है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ने जी-7 देशों की एक बैठक बुलाई है जिसमें वर्तमान स्थिति को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा तथा ईरान के हमलों के खिलाफ डिप्लोमैटिक प्रतिक्रिया पर चर्चा की जाएगी। यूरोपीय देशों के नेताओं ने ईरान के हमले की निंदा की है। इजराइल के पीएम नेतन्याहू ने कहा कि हमारा साथ देने के लिए अमेरिका के साथ-साथ वे ब्रिटेन, फ्रांस और कई अन्य देशों की सराहना करते हैं। इजराइल पर ईरान के हमले पर अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन इजराइल की सुरक्षा करने के लिए दृढ़ हैं। उन्होंने



कहा कि अमेरिका हमेशा इजराइल के लोगों के साथ खड़ा है। यूरोपीय काउंसिल के अध्यक्ष ने शांति की अपील की है। ब्रिटेन के पीम ऋषि सुनक ने भी ईरान के हमलों की निंदा करते हुए हमले को क्षेत्र को अस्थिर करने वाला बताया। उन्होंने कहा है कि ब्रिटेन, इजराइल और अपने सभी क्षेत्रीय भागीदारों की सुरक्षा के लिए खड़ा रहेगा।

**बाइडेन ने बैठक कर ली जानकारी**



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक के बाद बयान जारी किया है। उन्होंने इजराइल को समर्थन का ऐलान किया है। बाइडेन ने कहा कि मैंने अभी अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम से मुलाकात की और ईरान के इजराइल पर हमले को लेकर जानकारी ली है। हम ईरान के हमले के जवाब में इजराइल की सुरक्षा के लिए समर्पित हैं।

फ्रांस के विदेश मंत्री ने आशंका जताई कि ईरान की कार्रवाई से पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ सकता है।

### ईरान के पास 12 परमाणु हथियार का यूरेनियम

*इसी साल युक्त राष्ट्र के हथियार पर्यवेक्षकों ने चेतावनी दी थी कि ईरान के पास 12 परमाणु बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरेनियम मौजूद है। ईरान ने यूरेनियम का 90 प्रतिशत से अधिक संवर्धन कर लिया है। ईरान के पास पर्याप्त मात्रा में सामान मौजूद है लेकिन इसे एक हथियार के रूप में ढालने में लगभग 6 महीने लगेंगे।*

**अपने हितों की रक्षा के लिए संकोच नहीं करेंगे :इजराइल**

ईरान के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने वर्तमान तनाव पर कहा है कि हमारा कोई इरादा नहीं है कि इस आक्रमकता को आगे भी जारी रखा जाए, लेकिन बात जब अपने हितों की रक्षा करने की आएगी तो किसी तरह का संकोच नहीं किया जाएगा।

**दोनों पक्ष शांति से काम लें: चीन**

ईरान के हमले पर चीन के विदेश मंत्रालय ने तनाव बढ़ने पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि गाजा में जंग आगे बढ़ रही है। इसे रोकने के लिए तुरंत सीजफायर की जरूरत है। दोनों पक्षों को शांति से काम लेना चाहिए। जिससे टकराव को रोका जा सके।

**भारत ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर**

*ईरान में स्थित भारतीय दूतावास ने भी हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। आपात स्थिति में ईरान में रहने वाले भारतीय नागरिक इन नंबर्स पर दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। जो नंबर जारी किए गए हैं, वो हैं- +989128109115, +98993179567,+989932179359, +98-21-88755103-5 . दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए एक लिंक जारी किया।*

### संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने किया आगाह

# दुनिया अब एक और युद्ध बर्दाश्त नहीं कर सकती, कार्रवाई से बचें

**वॉशिंगटन(एजेंसी)**। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने ईरान की तरफ से इजराइल पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की और आगाह किया कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सभी पक्षों से ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा संयम बरतने की अपील की, जिससे पश्चिम एशिया में कई मोर्चों पर बड़े सैन्य टकराव छिड़ सकते हैं। गुतारेस ने एक बयान में कहा है कि इस्लामी गणराज्य ईरान की तरफ से इजराइल पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों की वजह से



तनाव में गंभीर बढ़ोतरी की मैं कड़ी निंदा करता हूं। मैं शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता हूं। उन्होंने कहा कि वह तनाव के पूरे क्षेत्र में फैलने और इसके वास्तविक खतरे को लेकर बहुत चिंतित हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि मैंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है।

**रिवोल्यूशनरी गार्ड्स आतंकवादी संगठन घोषित हो: इजराइल**

संवेदनशील हालात के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र में इजराइली राजदूत गिलाद एर्दान ने कहा कि उन्होंने सुरक्षा परिषद



(यूएनएससी) के अध्यक्ष को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि मैंने परिषद की तत्काल बैठक बुलाने की मांग की है। यूएनएससी के मंच पर ईरान के हमले की निंदा करने की मांग भी की गई है। इसके अलावा इजराइल ने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग भी की गई।




### मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हथियार प्रणाली का किया सफल परीक्षण



**पोखरण(एजेंसी)**। डीआरडीओ ने राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सेना की मौजूदगी में परीक्षण किया है। इस दौरान मिसाइल और वारहेड के प्रदर्शन मानक के अनुरूप पाए गए। परीक्षण का लक्ष्य एक डमी टैंक था, जिसे मिसाइल ने सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया था। इस परीक्षण ने सेना के लिए तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी मैन पोर्टबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हासिल करने का रास्ता बना दिया है। मिसाइल की लंबाई लगभग 1,300 मिमी. है और वजन कम रखने के लिए एल्यूमीनियम और कार्बन फाइबर लॉन्च ट्यूब के साथ लगभग 120 मिमी का व्यास रखा गया है। मिसाइल का कुल वजन 14.5 किलोग्राम और इसकी कमांड लॉन्च यूनिट (सीएलयू) का वजन 14.25 किलोग्राम है जो लेजर ऑल-वेदर को डिजिटल ऑल-वेदर के साथ जोड़ती है। इसकी मारक क्षमता लगभग 2.5 किमी है।

### संजय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा

## घोटाले के किंगपिन को बेल मिल गई, शरद रेड्डी मुख्य घोटालेबाज

केजरीवाल को फर्जी तरीके से अरेस्ट किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि घोटाले के किंगपिन को बेल मिल गई। खुद ईडी ने शरद रेड्डी को मुख्य घोटालेबाज कहा था। जैसे ही शरद रेड्डी ने केजरीवाल का नाम लिया, वैसे ही उसे बेल मिली।

संजय ने कहा कि फर्जी तरीके से प्रेशर बनाकर दिल्ली के सीएम के खिलाफ गवाह तैयार किए गए। 456 गवाहों में से मात्र 4 गवाहों ने केजरीवाल के नाम का जिक्र किया। ये उन्होंने किन हालात में किया, ये भी हम पता चुके हैं। उन्होंने कहा कि हम पहले बता चुके हैं कि कैसे फर्जी तरीके से गवाह बनाए गए। ईडी का सरकारी गवाह शरद रेड्डी कोर्ट के पास विदेश जाने के लिए पहुंचा था। इस पर ईडी ने कहा था कि अगर इन्हें विदेश जाने की अनुमति मिली तो ये केजरीवाल के खिलाफ बयान देने नहीं आएंगे। ईडी ने रेड्डी के विदेश जाने का विरोध किया था।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संदेशखाली मामले पर सौंपी रिपोर्ट

# दावाः टीएमसी के कार्यालय में ही महिलाओं के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता नई दिल्ली

बंगाल का संदेशखाली सुर्खियों में है। महिलाओं ने टीएमसी नेता शाहजहां शेख पर गंभीर आरोप लगाए थे। अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने अपनी जांच रिपोर्ट में भी गंभीर आरोप लगाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) कार्यालय में महिलाओं के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया। इस रिपोर्ट को पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी को सौंप दिया गया है। साथ ही इसकी एक कॉपी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को भेजी गई है। जांच रिपोर्ट आरोपों पर स्वतः संज्ञान लेने के बाद आयोग ने तैयार की थी।



यह बंगाल के गांव के दौरे और कथित पीड़ितों के साथ बातचीत पर आधारित है।ीं रिपोर्ट आने के बाद टीएमसी ने एनएचआरसी को भाजपा का 'फ्रंटल संगठन' करार दिया और कहा कि रिपोर्ट पार्टी कार्यालय में तैयार की गई है। रिपोर्ट में निलंबित टीएमसी नेता शेख शाहजहां के करीबी सहयोगियों शिबू प्रसाद हाजरा, उत्तम सरदार और अमीर अली गाजी को मुख्य आरोपी के रूप में लिस्ट किया गया है।

**55 दिन तक फरार रहा आरोपी, हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान**

*शाहजहां पहली बार जनवरी की शुरुआत में तब सुर्खियों में आया जब उसके आवास पर तलाशी लेने गई ईडी की टीम पर उसके समर्थकों ने हमला कर दिया। उस दौरान वह भाग गया और एक महीने बाद संदेशखाली में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया, जिसमें महिला निवासियों ने आरोप लगाया कि शाहजहां के सहयोगी वर्षों से उनका यौन उत्पीड़न कर रहे थे। महिलाओं ने कहा कि उसका प्रभाव कम हो गया है, इसलिए उन्हें बोलने में आत्मविश्वास महसूस हुआ। 55 दिन तक भागने के बाद शाहजहां को 29 फरवरी को बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देश पर शिकायतों की जांच सीबीआई को सौंप दी गई।*

**महिलाओं को शाहजहां से मिलने को कहा जाता था**

रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग हर पीड़ित ने एनएचआरसी टीम को बताया है कि पुलिस ने हाजरा, सरदार और उसके सहयोगियों के खिलाफ उनकी शिकायतों का जवाब नहीं दिया। चौंकाने वाली बात यह है कि उन्हें सीधे आरोपी या उनके संरक्षक शाहजहां से संपर्क करने और समझौता करने की सलाह दी गई। आरोपियों द्वारा महिलाओं को 'पार्टी बैठकों और स्वयं सहायता समूहों की बैठकों के बहाने' टीएमसी कार्यालय में बुलाया जाता था।

# राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने बाबा साहेब को किया याद, श्रद्धांजलि अर्पित की

### उपराष्ट्रपति, स्पीकर ओम बिरला व मंत्रियों ने भी किया नमन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पीएम नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती पर रविवार को संसद भवन परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। कई लोगों ने पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा और राज्यसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और पी सी मोदी ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

**संविधान के शिल्पकार, सामाजिक समरसता के पुरोधा थे**



इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि डॉ. बीआर आंबेडकर के संघर्षों ने लाखों लोगों के भीतर उम्मीद जगाई। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पूज्य बाबासाहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा हैं, जिन्होंने शोषितों और वंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया, आज उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें मेरा सादर नमन।



**राष्ट्रपति ने जयंती की दी शुभकामनाएं**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि हमारे संविधान के निर्माता और सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्र निर्माताओं में से एक, बाबा साहेब भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के अवसर पर, मैं सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देती हूं।

**सामाजिक न्याय के समर्थक : धनखड़**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि बाबासाहेब न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि सामाजिक न्याय के समर्थक भी थे। उन्होंने कानून के शासन, नागरिक स्वतंत्रता, लैंगिक समानता और हाशिए पर मौजूद वर्गों के काम किया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25